अभिलेख
ARCHIVES

भारतीय मानक ब्यूरो पुस्तकालय
BUREAU OF INDIAN STANDARDS LIBRARY
MISC 4040
दिनांक Date 15-6-2007
नई दिल्ली NEW DELHI

वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report 2005-06

मानकः पथप्रदर्शकः

भारतीय मानक ब्यूरो

BUREAU OF INDIAN STANDARDS

ब्यूरो के प्रधान अधिकारी, कार्यकारिणी समिति और महानिदेशालय (31 मार्च 2006 के अनुसार)

PRINCIPAL OFFICERS OF BUREAU, EXECUTIVE COMMITTEE AND THE DIRECTORATE GENERAL (as on 31 March 2006)

भारतीय मानक ब्यूरो BUREAU OF INDIAN STANDARDS

अध्यक्ष	**President**	**श्री शरद पवार** केंद्रीय कृषि, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री	**Shri Sharad Pawar** Union Minister for Agriculture, Consum[e] Affairs, Food and Public Distribution
उपाध्यक्ष	**Vice President**	**श्री तस्लीमुद्दीन** राज्य उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री	**Shri Taslimuddin** Minister of State for Consumer Affairs, Food and Public Distribution
अध्यक्ष, कार्यकारिणी समिति	**Chairperson, Executive Committee**	**श्री स्वयं प्रकाश शर्मा** **महानिदेशक, भा मा ब्यूरो**	**Shri Svayam Prakash Sharma** **Director General, BIS**

भा मा ब्यूरो महानिदेशालय BIS DIRECTORATE GENERAL

मुख्यालय	**Headquarters**		
महानिदेशक	**Director General**	श्री स्वयं प्रकाश शर्मा	Shri Svayam Prakash Sharma
अपर महानिदेशक	**Additional Director General**	श्री राकेश वर्मा	Shri Rakesh Verma
अपर महानिदेशक	**Additional Director General**	श्री यशपाल सिंह	Shri Yash Pal Singh
मुख्य सतर्कता अधिकारी	**Chief Vigilance Officer**	श्री अनन्त ढुल	Shri Anant Dhul
उप महानिदेशक प्रशासन	**Deputy Director General** Administration	श्री दीपक के. सिंह	Shri Deepak K. Singh
वैज्ञानिक 'एफ' **(उप महानिदेशक)**	**Scientist F** **(Deputy Directors General)**		
तकनीकी	Technical	श्री एस. के. चौधरी	Shri S. K. Chaudhary
मुहर	Marks	श्री एस. एम. भाटिया	Shri S.M. Bhatia
हॉलमार्किंग	Hallmarking	श्री ए. के. तलवार	Shri A. K. Talwar
परियोजना, योजना और समन्वय	Project, Planning & Co-ordination	श्री एल. आर. सिंह	Shri L. R. Singh
प्रयोगशाला	Laboratory	श्री बलवंत राय	Shri Balwant Rai

क्षेत्रीय कार्यालय	**Regional Offices**		
वैज्ञानिक 'एफ' **(उप महानिदेशक)**	**Scientist F** **(Deputy Directors General)**		
पूर्वी क्षेत्र	Eastern Region	श्री एम. के. रे	Shri M. K. Ray
पश्चिमी क्षेत्र	Western Region	श्री एस. दासगुप्ता	Shri S. Dasgupta
मध्य क्षेत्र	Central Region	श्री वाई. एस. आर्या	Shri Y. S. Arya
दक्षिणी क्षेत्र	Southern Region	श्री वी. कल्याणसुन्द्रम	Shri V. Kalyanasundram
उत्तरी क्षेत्र	Northern Region	श्री चंदर शेखर	Shri Chander Shekhar

वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2005-06

4025 (मा)
3.5.2007
नई दिल्ली NEW DELHI

मानकः पथप्रदर्शकः

भारतीय मानक ब्यूरो
BUREAU OF INDIAN STANDARDS

विषय सूची
CONTENTS

1. सिंहावलोकन
Overview 1

2. नीतिगत कार्यप्रणालियाँ और आयोजना
Policy Strategies and Planning 4

3. मानक
Standards 4

4. प्रमाणन
Certification 17

5. प्रयोगशाला सेवाएँ
Laboratory Services 26

6. सतर्कता गतिविधियाँ
Vigilance Activities 29

7. तकनीकी सूचना सेवाएँ
Technical Information Services 32

8. प्रशिक्षण सेवाएँ
Training Services 35

9. उपभोक्ता संबंधित गतिविधियाँ
Consumer Related Activities 36

10. अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियाँ
International Activities 37

11. कम्प्यूटरीकरण और कार्यालय यंत्रीकरण
Computerization and Office Automation 42

12. परियोजना प्रबंध
Project Management 43

13. मानव संसाधन विकास
Human Resource Development 45

14. वित्त, लेखा और लेखा परीक्षण
Finance, Accounts and Audit 46

सिंहावलोकन
OVERVIEW

भारतीय मानक ब्यूरो पूर्व भारतीय मानक संस्थान (आईएसआई) के कर्मचारियों, परिसम्पत्तियों, देयताओं और प्रकार्यों को लेते हुए एक व्यापक विषयक्षेत्र तथा अधिक अधिकारों सहित संसद के एक अधिनियम, दिनाँक 26 नवम्बर 1986 के माध्यम से दिनाँक 1 अप्रैल 1987 को अस्तित्व में आया। इस परिवर्तन के माध्यम से सरकार ने राष्ट्रीय मानकों के निर्धारण और कार्यान्वियन में गुणता संस्कृति और सचेतता तथा उपभोक्ताओं की अधिक भागीदारी का माहोल निर्मित करने की संकल्पना की।

ब्यूरो केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री अध्यक्ष और उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री इसके उपाध्यक्ष के रूप में तथा केन्द्रीय एवं राज्य, दोनों सरकारों का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों, संसद, उद्योग, वैज्ञानिक एवं अनुसंधान संस्थानों, उपभोक्ता संगठनों और व्यावसायिक निकायों के सदस्यों का एक निकाय कॉर्पोरेट है।

भा मा ब्यूरो की संरचना पिछले कवर पृष्ठ के अंदरुनी भाग पर दी गई है।

संगठनात्मक नेटवर्क

नई दिल्ली स्थित मुख्यालय के साथ कोलकता (पूर्वी), चेन्नई (दक्षिणी), मुम्बई (पश्चिमी), चंडीगढ़ (उत्तरी) और दिल्ली (मध्य) में 5 क्षेत्रीय कार्यालयों तथा अहमदाबाद, बैंगलौर, भुवनेश्वर, भोपाल, कोयम्बटूर, फरीदाबाद, गाज़ियाबाद, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, कानपुर, लखनऊ, नागपुर, परवानू, पटना, पुणे, राजकोट, तिरूवनन्तपुरम और विशाखापटनम स्थित शाखा कार्यालयों (पिछले कवर पृष्ठ के बाहरी भाग पर दिया गया है।) के एक नेटवर्क सहित क्षेत्र की राज्य सरकारों, उद्योगों, तकनीकी संस्थानों, उपभोक्ता संगठनों आदि के बीच प्रभावी कड़ी के रूप में कार्य करता है।

गतिविधियाँ

भा मा ब्यूरो की गतिविधियाँ स्थूल रूप से निम्नलिखित शीर्षों के अंतर्गत समूहित की जा सकती हैं:

क) मानक निर्धारण
ख) प्रमाणन: उत्पाद/पद्धतियाँ
ग) प्रयोगशाला सेवाएँ
घ) भारतीय मानकों/अन्य प्रकाशनों की बिक्री
ङ.) अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियाँ
च) उपभोक्ता संबंधी गतिविधियाँ
छ) प्रवर्तन गतिविधियाँ
ज) प्रशिक्षण सेवाएँ

Bureau of Indian Standards (BIS) came into existence, through an Act of Parliament dated 26 November 1986, on 1 April 1987, with a broadened scope and more powers taking over the staff, assets, liabilities and functions of erstwhile Indian Standards Institution (ISI). Through this change over, the Government envisaged building a climate for quality culture and consciousness and greater participation of consumers in formulation and implementation of National Standards.

The Bureau is a Body Corporate consisting of members representing both Central and State governments, Members of Parliament, industry, scientific and research institutions, consumer organizations and professional bodies with Union Minister of Consumer Affairs, Food and Public Distribution as its President and with Minister of State for Consumer Affairs, Food and Public Distribution as its Vice-President.

The structure of BIS is given on the inside back cover page.

Organizational Network

With BIS Headquarters at New Delhi, a network of 5 Regional Offices at Kolkata (Eastern), Chennai (Southern), Mumbai (Western), Chandigarh (Northern) and Delhi (Central) and Branch Offices at Ahmedabad, Bangalore, Bhubaneshwar, Bhopal, Coimbatore, Faridabad, Ghaziabad, Guwahati, Hyderabad, Jaipur, Kanpur, Lucknow, Nagpur, Parwanoo, Patna, Pune, Rajkot, Thiruvananthapuram and Vishakhapatnam (depicted on the back cover page) serve as effective links among State Governments, industries, technical institutions, consumer organizations, etc of the region.

Activities

The activities of BIS can be broadly grouped under the following heads:

a) Standards Formulation
b) Certification : Product/Systems
c) Laboratory Services
d) Sales of Indian Standards/ other publications
e) International Activities
f) Consumer Related Activities
g) Promotional Activities
h) Training Services

झ) सूचना सेवाएँ

ञ) वित्तीय, संसाधन-कार्यान्वयन और उपयोगिता आदि

भारतीय मानक ब्यूरो ने इस बदलते समग्र वैश्विक परिदृश्य में विस्तार और गतिशीलता बनाए रखी है तथा वर्ष 2005-06 के दौरान चहुँमुखी प्रगति की है। ब्यूरो में 1 396.76 मिलियन रु. की कुल आय दर्ज की गई और पिछले वर्ष की आय में 8.7 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई। लगातार सत्रहवें वर्ष, भा मा ब्यूरो ने अपने आवर्ती और गैर-आवर्ती व्यय स्वयं अपने संसाधनों से पूरे किए।

वर्ष 2005-06 के दौरान कुछ प्रमुख उपलब्धियाँ इस प्रकार हैं:

- विषयों की व्यापक परास को शामिल करते हुए 351 राष्ट्रीय मानकों का निर्धारण। जनहित के कुछ महत्वपूर्ण मानक खाद्य सुरक्षा प्रबंध पद्धतियों पर है - खाद्य श्रृंखला में किसी संगठन की आवश्यकताएँ, स्टेशनरी वॉल्व विनियमित लैड-एसिड बैटरियाँ, विद्युत से चलने वाले खिलौनों की निरापदता, प्राकृतिक मिनरल जल और पैकेजबंद पेय जल की पैकिंग के लिए पॉलीएथिलीन के बने लचीले पाउच (थैलियाँ), सूचना प्रौद्योगिकी-सुरक्षा तकनीकें-सूचना सुरक्षा प्रबंध पद्धतियाँ-आवश्यकताएँ, परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशालाओं की सक्षमता हेतु सामान्य अपेक्षाएँ, सार्वजनिक सेवा संगठनों की सेवा गुणता की अपेक्षाएँ, तेल और गैस पाइप लाइनों के लिए पर्यवेक्षी नियंत्रण और आँकड़ा अधिग्रहण (स्काडा) पद्धति।
- अब तक 3 757 भारतीय मानकों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ सुमेलित किया गया है।
- 2 536 उत्पाद प्रमाणन लाइसेंस प्रदान करना।
- वर्ष के दौरान पहली बार 31 उत्पादों को प्रमाणन योजना के अंतर्गत शामिल किया गया। ये उत्पाद है क्राफ्ट कागज़, तप्त समापन (बंद करने) के लिए तप्त गढ़े हुए इस्पात के रिवेट, ब्यूरेट, जिप्सम भवन प्लास्टर, जूते काले करने के ब्रश, जूते पॉलिश करने के ब्रश, घरेलू लॉन्ड्री के लिए डिटरजेंट पाउडर, स्लाइड प्रकार I के लिए स्टिल प्रोजेक्टर, हाइड्रॉलिक पावर स्प्रेयर, पॉलिएस्टर इनैमलित गोलाकार ताम्बे के तार (वर्ग 130), धातु आवरण वाली प्लाइवुड, तैयार चमड़े के लिए ईको मानदण्ड, एल्युमिनियम फॉस्फाइड पाउडर, पॉलिमर और रबर रूपान्तरित बिटुमेन, एलपीजी के साथ उपयोग के लिए पानी का छोटा घरेलू हीटर, फॉस्फोरिक एसिड (खाद्य ग्रेड), व्यावसायिक उपयोग के निरापद सुरक्षात्मक एवं व्यावसायिक जूते, निर्जल सोडियम कार्बोनेट, संकरी गर्दन वाली बॉइलिंग फ्लास्क, काँच के बीकर, इस्पाती पहिए के बैरो (दो पहियों सहित), इलैक्ट्रॉनिक भार मापन पद्धति, सामान्य प्रयोजनों के लिए जूट वेनीर बोर्ड, स्वचालित वाहनों के लिए ईंधन के रूप में संपीड़ित प्राकृतिक गैस को ऑन-बोर्ड भंडारित करने के लिए सिलिंडर, पॉली एल्युमिनियम क्लोराइड, सीमेंट पैक करने के लिए बुने हुए थैले, एस्बेस्टस धागे, शीत वेल्लित गैर-उन्मुख वैद्युत इस्पात शीट और पट्टियाँ (अर्ध प्रक्रमित प्रकार), हार्ड-ड्रॉन इस्पात के तार का धागा, श्वसन सुरक्षात्मक उपकरण में प्रयुक्त गैस फिल्टर, तप्त समापन (बंद करने) के लिए शीत गढ़ाई वाले ठोस इस्पाती रिवेट।
- भा मा ब्यूरो की मानक मुहर का दुरुपयोग करने वाली फर्मों पर भारत भर में 241 प्रवर्तन छापे डाले गए और 12 अभियोजन किए गए।

i) Information Services

j) Financial Resources – Mobilization and Utilization etc.

In the changing overall global scenario, Bureau of Indian Standards maintained the thrust and dynamism and exhibited an all round progress during the year 2005-06. It recorded a total income of Rs 1 396.76 million, and a growth of over 8.7 percent over the income in the previous year. For the seventeenth consecutive year, BIS met its recurring and non-plan expenditure from its own resources.

The highlights of achievements during 2005-06 are:

- Formulation of 351 national standards covering wide range of subjects. Some important standards of public interest are on Food Safety Management Systems – Requirements for any Organization in the Food Chain, Stationary valve regulated lead-acid batteries, Safety of electric toys, Polyethylene flexible pouches for the packing of natural mineral water and packaged drinking water, Information Technology – Security Techniques – Information Security Management Systems – Requirements, General Requirement for the Competence of Testing and Calibration Laboratories, Requirements for Service Quality by Public Service Organization, Supervising Control and Data Acquisition (SCADA) System for oil and gas pipeline.
- 3 757 Indian Standards have been harmonized with International Standards so far.
- Grant of 2 536 Product Certification licences.
- During the year 31 products were covered for the first time under the certification scheme. These products are Kraft Paper, Hot Forged Steel Rivets for Hot Closing, Burettes, Gypsum Building Plaster, Shoe Blacking Brushes, Shoe Polishing Brushes, Household Laundry Detergent Powder, Still Projector for Slide Type I, Hydraulic Power Sprayer, Polyester Enamelled Round Copper Wire (Class 130), Metal Faced Plywood, Eco Criteria for Finished Leather, Aluminum Phosphide Powder, Polymer and Rubber Modified Bitumen, Mini Domestic Water Heater for Use with LPG, Phosphoric Acid(Food Grade), Safety Protective and Occupational Footwear for Professional Use, Anhydrous Sodium Carbonate, Narrow-necked Boiling Flask, Glass Beakers, Steel Wheel Barrow (with two wheels), Electronic Weighing System, Coir Veneer Board for General Purposes, Cylinder for On-board Storage of Compressed Natural Gas as Fuel for Automotive Vehicles, Poly Aluminium Chloride, Woven Sack for Packing Cement, Asbestos Yarn, Cold Rolled Non-oriented Electrical Steel Sheet and Strip (Semi-processed Type), Hard-drawn Steel Wire Fabric, Gas Filter Used in Respiratory Protective Equipment, Cold Forged Solid Steel Rivets for Hot Closing.
- 241 enforcement raids were carried out all over India on firms misusing the BIS Standard Mark and 12 convictions took place.

- दिसम्बर 2005 में प्रमाणन निकायों के राष्ट्रीय प्रत्यायन मण्डल-भारतीय गुणता परिषद् द्वारा गुणता प्रबंध पद्धति (क्यूएमएस) प्रमाणन योजना का प्रत्यायन। वर्ष 2005-06 के दौरान 83 क्यूएमएस प्रमाणन लाइसेंस, 12 पर्यावरण प्रबंध पद्धति प्रमाणन लाइसेंस और 9 व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंध पद्धति प्रमाणन लाइसेंस प्रदान किए गए।
- स्वर्ण/रजत की हॉलमार्किंग योजना के सरलीकरण और यौक्तीकरण के फलस्वरूप लाइसेंसों की संख्या बढ़कर 1 410 हो गई है। स्वर्ण मूल्यांकन की एक संदर्भ प्रयोगशाला दक्षिणी क्षेत्रीय प्रयोगशाला, चेन्नई में विकासाधीन है।
- भा मा ब्यूरो प्रयोगशालाओं द्वारा जारी परीक्षण रिपोर्टों की संख्या 26 725 रही।
- वर्ष 2005-06 अवधि के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) परिषद् के सदस्य के रूप में भा मा ब्यूरो द्वारा वचनबद्धताओं की पूर्ति। आईएसओ परिषद आइएसओ का शीर्षस्थ शासीनिकाय है।
- विकासशील देशों के लिए मानकीकरण और गुणता आश्वासन पर अड़तीसवाँ अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन और विकासशील देशों के लिए प्रबंध पद्धतियों पर दूसरे अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन।
- अक्तूबर 2005 में नई दिल्ली में सार्क के अंतर्गत सबसे कम विकसित देशों द्वारा निर्यातों को बढ़ावा देने के लिए तकनीकी विषेशज्ञों की एक कार्यशाला का आयोजन।
- अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) की स्थापना को मनाने के लिए अक्तूबर 2005 में विश्व मानक दिवस का आयोजन।
- दिनाँक 1 से 15 सितम्बर 2005 के दौरान हिन्दी पखवाड़े का आयोजन, जहाँ अनेक हिन्दी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
- दिनाँक 7 से 11 नवम्बर 2005 के दौरान 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' मनाया गया।
- दिनाँक 31 मार्च 2006 तक भा मा ब्यूरो में लगभग 1 825 व्यक्ति कार्यरत थे।

(महानिदेशक)

- Accreditation of Quality Management Systems (QMS) Certification Scheme by National Accreditation Board for Certification Bodies, Quality Council of India in December 2005. During 2005-06, 83 QMS certification licences, 12 Environmental Management Systems certification licences and 9 Occupational Health and Safety Management Systems certification licences were granted.
- Simplification and rationalization of Hallmarking scheme for Gold/Silver jewellery resulting in an increase of number of licences to 1 410. A referral Laboratory for Gold assaying is under development at Southern Regional Laboratory, Chennai.
- Number of Test Reports issued by BIS Laboratories was 26 725.
- Fulfillment of obligations by BIS as a member of International Organization for Standardization (ISO) Council for the 2005-06 term. ISO Council is the highest governing body of ISO.
- Holding of the thirty-eighth International Training Programme on Standardization and Quality Assurance for developing countries, and the second International Training Programme on Management Systems for developing countries.
- Organizing a workshop of Technical Experts to promote exports by the least developed countries under SAARC, during October 2005 at New Delhi.
- Celebration of World Standards Day in October 2005 to commemorate the establishment of the International Organization for Standardization (ISO).
- Celebration of Hindi Pakhwara during 1st to 15th September 2005 where a lot of different competitions in Hindi were organized.
- Observance of the 'Vigilance Awareness Week' during 7th to 11th November 2005.
- As on 31 March 2006, a total of around 1 825 persons were on roll in BIS.

(Director General)

नीतिगत कार्यप्रणालियाँ और आयोजना

भारतीय मानक ब्यूरो वर्ष 1947 से भारत के राष्ट्रीय मानक निकाय के रूप में देश में मानकीकरण अभियान का प्रवर्तन और पोषण करने के लिए सफलतापूर्वक कार्य करता रहा है। भा मा ब्यूरो ने अपने प्रचालन को और अधिक उन्नत बनाने के लिए सेवाओं की दक्षता बढ़ाने की दिशा में अनेक कदम उठाए हैं।

नई नीतियों/निर्देशक तत्वों के कार्यान्वयन में भा मा ब्यूरो को सलाह देने के लिए वर्ष के दौरान कार्यकारिणी समिति की पाँच बैठकें की गईं। वर्ष के दौरान निम्नलिखित क्षेत्रों में महत्वपूर्ण पहलें की गई:

1. राष्ट्रीय मानक नीति को अंतिम रूप देना।
2. राष्ट्रीय भवन संहिता को अंतिम रूप देना और जारी करना।
3. हॉलमार्किंग प्रमाणन योजना का सरलीकरण और यौक्तीकरण।
4. लाइसेंस प्रदान करने की विधि को सरल बनाना।
5. उत्पाद प्रमाणन और प्रवर्तन गतिविधियों की आउटसोर्सिंग।
6. लोक सेवा संगठनों द्वारा सेवा गुणता की आवश्यकताओं पर मानक निर्धारण - आई एस 15700 : 2005 और भा मा ब्यूरो में इसका कार्यान्वयन।
7. खाद्य सुरक्षा प्रबंध पद्धति मानक, आईएस/आईएसओ 22000 का प्रकाशन और इसके प्रमाणन की पहल।

मानक

मानक निर्धारण

मानकों के निर्धारण के लिए भा मा ब्यूरो संबद्ध विभाग परिषदों द्वारा गठित विषय समितियों विषयों के विशिष्ट समूहों पर कार्य करने के लिए विषय समितियों द्वारा गठित उप-समितियों और मानक निर्धारण के लिए एक केंद्रित मद के लिए गठित पैनलों के संदर्भ में एक सहयोगात्मक तंत्र के माध्यम से कार्य करता है। विषय समितियों, उप-समितियों और पैनलों में उद्योग, सरकार, अनुसंधान और विकास संगठनों, उपभोक्ताओं के प्रतिनिधि तथा वैयक्तिक विशेषज्ञ शामिल होते हैं।

किसी केंद्रीय सरकार के मंत्रालय, राज्य सरकार, संघ शासित क्षेत्र प्रशासन, उपभोक्ता संगठन, औद्योगिक इकाई आदि द्वारा भारतीय मानक(कों) के निर्धारण का प्रस्ताव दिया जा सकता है। विभाग परिषद द्वारा अनुमोदन हो जाने पर प्रस्ताव को भारतीय मानकों के निर्धारण के लिए एक उपयुक्त विषय समिति को अग्रेषित किया जाता है।

अलग-अलग क्षेत्रों से संबंधित 14 तकनीकी विभाग परिषदों द्वारा मानक तैयार किए जाते है। वर्ष के दौरान मानक निर्धारण गतिविधि का जायज़ा लेने के लिए खाद्य एवं कृषि, पेट्रोलियम एवं कोयला संबंधी उत्पादों, सिविल इंजीनियरी,

आकृति 1 प्रभावी मानक (31 मार्च के अनुसार)

Fig. 1 **Standards in Force (as on 31 March)**

POLICY STRATEGIES AND PLANNING

The Bureau of Indian Standards (BIS) as the National Standards Body of India has been successfully promoting and nurturing the standardization movement in the country since 1947. BIS has initiated several steps towards enhancing the efficiency of its operations and upgrading of services.

The Executive Committee had five meetings during the year to advise BIS in implementation of new policy/directives while the financial committee met four times during the year. The important initiatives were taken in the following areas during the year:

1. Finalization of National Standards Policy.
2. Finalization and release of National Building Code.
3. Simplification and Rationalization of Hallmarking Certification Scheme.
4. Simplification of Grant of Licence procedure.
5. Outsourcing of Product Certification and Enforcement Activities.
6. Formulation of standard on Requirements for Service Quality by Public Service Organizations–IS 15700 : 2005 and its implementation in BIS.
7. Publishing of Food Safety Management Systems Standard, IS/ISO 22000 and initiatives for its certification.

STANDARDS

STANDARDS FORMULATION

For formulation of standards, BIS functions through a cooperative mechanism in terms of Sectional Committees set up by respective Division Council, Subcommittees set up by Sectional Committees for dealing with specific group of subjects and Panels set up for undertaking a focused item towards formulation of standard. The Sectional Committees, Subcommittees and Panels comprise of representatives from the industry, government, research and development organizations, consumers and individual experts.

A proposal for formulation of Indian Standard(s) can be submitted by any Ministry of the Central Government, State Government, Union Territory Administration, Consumer Organization, Industrial Unit etc. The proposal when approved by Division Council is forwarded to an appropriate Sectional Committee for formulation of Indian Standard(s).

Standards are made by 14 Technical Division Council pertaining to separate fields. To take stock of standards formulation activity, Division Councils of Food and Agriculture,

उत्पादन और सामान्य इंजीनियरी, चिकित्सा उपकरण और अस्पताल आयोजना, जल संसाधनों, परिवहन इंजीनियरी, धातु कर्म इंजीनियरी, यांत्रिक इंजीनियरी, वस्त्रोद्योग प्रबंध पद्धतियों और विद्युत-तकनीकी विभाग की बैठकें हुईं। 162 विषय समितियों की बैठक के साथ बड़ी संख्या में उप-समितियों पैनलों और कार्यकारी समूहों की बैठकों का भी आयोजन किया गया, जिनमें मानकों के मसौदों और तकनीकी दस्तावेज़ों पर विस्तार से विचार किया गया। भा मा ब्यूरो की नीति उभरती प्रौद्योगिकियों पर मानक निर्धारण करने और पुराने मानकों को वापस लेने की है।

वर्ष 2005-06 के दौरान, भा मा ब्यूरो ने 351 (नए और पुनरीक्षित) मानकों का निर्धारण किया जिससे दिनांक 31 मार्च 2006 को लागू मानकों की संख्या 18 219 तक हो गई। (देखें आकृति 1)

महत्वपूर्ण मानक

कुछ महत्वपूर्ण विषय, जिन पर नए या पुनरीक्षित मानक वर्ष के दौरान निर्धारित किए गए, निम्नानुसार है:

- **गेल परियोजना के अंतर्गत निर्धारित मानक** - भा मा ब्यूरो को गैस के प्रसारण के लिए प्राकृतिक गैस पाइप लाइन पद्धति के लिए राष्ट्रीय मानकों के निर्धारण का कार्य सौंपा गया। प्राकृतिक गैस के परिवहन हेतु पाइप लाइन, पाइप लाइन कोटिंग (बाह्य या आंतरिक) पाइप लाइनों की कैथोडिक सुरक्षा, गैस मीटरिंग पद्धति, पर्यवेक्षी नियंत्रण और आँकड़ा अधिग्रहण पद्धति, गैस प्रसारण के लिए अपकेन्द्री संपीडक, एलपीजी परिवहन के लिए पम्प, गैस टर्बाइन, गैस मीटरिंग डिस्पैच टर्मिनल (सिरे) और गैस पाइपलाइन डालने सहित चौदह क्षेत्रों को शामिल किया गया है। भा मा ब्यूरो ने इसकी प्रौद्योगिकीय आवश्यकताओं, ग्राहकों की आवश्यकताओं, स्वास्थ्य तथा निरापदता के राष्ट्रीय महत्व को समझते हुए इसे प्राथमिकता के आधार पर लिया। इन मानकों के निर्धारण में विभिन्न पणधारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले 160 से अधिक विशेषज्ञों को शामिल किया गया। एक वर्ष की रिकॉर्ड अवधि में इस विषय पर उन्तीस भारतीय मानक तैयार और प्रकाशित किए गए हैं। ये मानक प्रसारण व्यवसाय में अनेक संगठनों के साथ गैस आपूर्ति व्यवसाय के वि-विनियमन और एक विषम देशीय राष्ट्रीय गैस ग्रिड की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। निरापदता और पर्यावरण संबंधी पैरामीटरों को अत्यन्त महत्व दिए जाने से ये मानक निरापदता मानदंडो के कार्यान्वयन और हमारे पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए ये मानक अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होंगे।
- **आईएस 15642: 2005 सामान्य खाद्य उत्पादों में अपमिश्रकों/संदूषकों का पता लगाने की त्वरित विधियाँ** - इस मानक में दूध, हल्दी आदि जैसे सामान्य खाद्य उत्पादों में अपमिश्रकों/संदूषकों का शीघ्र पता लगाने की भौतिक विधियाँ अनुबंधित की गई है, जिन्हें आम उपभोक्ता उपयोग कर सकते है।
- **आईएस/आईएसओ 22000 : 2005 खाद्य सुरक्षा प्रबंध पद्धतियाँ - खाद्य श्रृंखला में किसी संगठन की अपेक्षाएँ** - इस मानक में खाद्य श्रृंखला के माध्यम से खाद्य सुरक्षा प्रबंध को निर्दिष्ट किया गया है और यह एक प्रमाणन योग्य मानक है।

Petroleum and Coal related products, Civil Engineering, Production and General Engineering, Medical Equipment and Hospital Planning, Water Resources, Transport Engineering, Metallurgical Engineering, Mechanical Engineering, Textile, Management Systems and Electro-technical Department met during the year. The meetings of 162 Sectional Committees, in addition to large number of Subcommittees, Panels and working groups were also held to consider draft standards and related technical documents in detail. It is the policy of BIS to formulate standards on emerging technologies and withdraw obsolete standards.

During 2005-06, BIS formulated 351 (new and revised) standards, bringing the total number of standards in force to 18 219 as on 31 March 2006 (*see* Fig. 1).

Important Standards

Some of the important subjects on which new or revised standards were formulated during the year are listed below:

- **Standards formulated under GAIL Project** – BIS was entrusted with formulation of national standards for natural gas pipe line system for transmission of gas. Fourteen areas were identified covering pipelines for transportation of natural gas, pipe line coating (internal or external cathodic protection of pipelines, gas metering system, supervisory control and data acquisition system, centrifugal compressors for gas transmission, pumps for transportation of LPG, gas turbines, gas metering dispatch terminal and laying of gas pipelines. BIS undertook this work on priority basis keeping in view the national importance technological needs, customers needs, health and safety. More than 160 experts representing various stakeholders were involved in formulation of these standards. Twenty-nine Indian Standards have been prepared and published on the subject in a record time of one year. These standards are very important in view of de-regulation of gas supply business with multiple players in the transmission businesses and need for a cross-country National Gas Grid. As safety and environment parameters have been given paramount importance, these standards would be extremely useful in implementing safety parameters and further improve our environment.
- **IS 15642 : 2005 Quick Methods for Detection of Adulterants/Contaminants in Common Food Products** – This standard stipulates physical methods for easy detection of adulterants /contaminants in common food products like milk, turmeric etc which can be used by common consumers.
- **IS/ISO 22000 : 2005 Food Safety Management Systems – Requirements for any Organization in the Food Chain** – This standard prescribes food safety management through the food chain and is certifiable standard.

- **आईएस 15542 : 2005 विद्युत चालित भूसा कटर - सुरक्षा अपेक्षाएँ** - इस मानक में विद्युत चालित भूसा कटर की सुरक्षा आवश्यकताएँ निर्दिष्ट की गई हैं।
- **आईएस 15561 : 2005 गन्ने का क्रशर - सुरक्षा अपेक्षाएँ** - इस मानक में गन्ने का क्रशर उपयोग करते समय किसानों की सुरक्षा की सुरक्षा आवश्यकताएँ निर्दिष्ट की गई हैं।
- **आईएस 15644 : 2006 विद्युत से चलने वाले खिलौनों की निरापदता** - खिलौनों की विषाक्तता और यांत्रिक निरापदता पर मानक पहले से ही उपलब्ध है। खिलौनों को पूरी तरह से सुरक्षित बनाने के लिए इस मानक में विद्युत सुरक्षा सुनिश्चित की गई है, जिसमें निर्माण से संबंधित विद्युत खिलौनों की सुरक्षा की आवश्यकताएँ शामिल हैं ताकि जहाँ तक संभव हो व्यक्तियों और आसपास के स्थान पर जोखिम को कम किया जा सके, जब खिलौनों को आशयित रूप अथवा भावी तरीके से उपयोग किया जा सके। मानक के कार्यान्वयन से बच्चों द्वारा उपयोग में लाए जाने वाले सुरक्षित विद्युत खिलौनों की निरापदता सुनिश्चित होगी।
- **आईएस 15637 : 2006 0.5 लीटर से 250 लीटर पानी की क्षमता से अधिक वाले द्रवित पेट्रोलियम गैसों (एलपीजी) के लिए वेल्डित किए गए स्टेनलैस स्टील के सिलिण्डर** - चूँकि स्टेनलैस स्टील में उच्चतर उत्पादन सामर्थ्य होती है, अत: गैस सिलिण्डर के विनिर्माण में प्रयुक्त शीट की मोटाई कम की जाती है। इस प्रकार, स्टेनलैस स्टील के सिलिण्डर का भार पारम्परिक एलपीजी सिलिण्डरों की तुलना में कम होता है। अधिक ऊँचाई वाले इलाकों में इसे उपयोग करना सुविधाजनक होगा। इन सिलिण्डरों का जीवन काल वर्तमान स्टील सिलिण्डरों की तुलना में अधिक है, क्योंकि इसमें क्षरण नहीं होता और इसकी सुरक्षा के लिए किसी प्रकार की पेंटिंग की भी आवश्यकता नहीं होती है।
- **आईएस 15548 : 2005 हाइड्रो फ्लोरोकार्बन (एचएफसी 134 ए)- सुरक्षा संहिता**-हाइड्रो फ्लोरोकार्बन संश्लेषित रसायनों की श्रेणियाँ हैं। जिन्हें ओज़ोन क्षरण पदार्थ (ओडीएस) के विकल्प के रूप में उपयोग किया जा रहा है, जिन्हें मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल और स्वच्छ वायु अधिनियम संशोधन, 1990 के अंतर्गत हटाया जा रहा है। एचएफसी-134 ए ओज़ोन अनुकूल प्रकार का एक सीएफसी विकल्प है। मृदा स्तर में ओज़ोन की परत, जो पृथ्वी को सूर्य के पराबैंगनी विकिरण से सुरक्षित रखती है, वह क्लोरो फ्लोरो कार्बन (सीएफसी), सहित वातावरण में निर्मुक्त होने वाले विभिन्न रसायनों से क्षरित हो रही है, जिन्हें रेफ्रीजेरशन, वातानुकूलन, इलैक्ट्रॉनिक्स फोम आदि अनेक उद्योगों में प्रयोग किया जाता है। भारत वर्ष 1992 में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल का हस्ताक्षरी बना, इसमें वर्ष 2010 के बाद सीएफसी के उपयोग पर प्रतिबंध है। एचएफसी-134 ए रेफ्रीजरेशन और वातानुकूलन तथा एयरोसॉल के संस्तुत सीएफसी में से एक है तथा अनेक तकनीकी, आर्थिक और सुरक्षा कारणों से अधिक वरीयता प्राप्त है। यह मानक स्वदेशी रूप से उपलब्ध आँकड़ों और जानकारी के आधार पर तैयार किया गया। इस मानक में एचएफसी-134 ए की सामान्य जानकारी और गुण, इसके साथ जुड़े जोखिम और व्यक्तिगत सुरक्षात्मक उपकरणों पर अनिवार्य जानकारी, भण्डारण, प्रहस्तन, लेबल करने, परिवहन, छलकाव/रिसाव, अपशिष्ट

- **IS 15542 : 2005 Power Operated Chaff Cutter – Safety Requirement**–This standard prescribes safety requirements of power operated chaff cutter.
- **IS 15561 : 2005 Sugarcane Crushers – Safety Requirements**–This standard prescribes safety requirements of sugarcane crusher to ensure farmers safety while using the same.
- **IS 15644 : 2006 Safety of Electric Toys –** Standards on toxic and mechanical safety for toys were already available. To make the toys completely safe, electrical safety has been ensured in this standard, which covers the requirements of safety of electric toys relating to constructions so that risk of persons or surroundings are reduced as far as possible when the toys are used as intended or in a foreseeable way. The implementation of the standard would ensure safe electric toys used by the children.
- **IS 15637 : 2006 Welded Stainless Steel Cylinders for Liquefied Petroleum Gases (LPG) Exceeding 0.5 litre to 250 litres Water Capacity –** As stainless steel has a higher yield strength, the thickness of the sheet used in manufacture of the gas cylinder is reduced. Thus the weight of the stainless steel cylinder is lighter than the conventional LPG cylinders. It would be convenient to handle at higher altitude. The life of the cylinders is more than that of the existing steel cylinders as it is not corroded and any painting for protection is also not required.
- **IS 15548 : 2005 Hydro fluorocarbon (HFC-134a) – Code of Safety –** Hydro fluorocarbons (HFCs) are categories of synthetic chemicals that are being used as alternatives to the ozone depleting substance (ODS), which are being phased out under the Montreal Protocol and Clean Air Act amendment of 1990. HFC-134a is an ozone friendly CFC substitute. The ozone layer in the stratosphere which protects the earth from ultraviolet radiation from the Sun is getting depleted by various chemicals/ substances released in the atmosphere including chlorofluoro carbons (CFC) used in several industries such as refrigeration, air conditioning, electronics foams etc. Montreal protocol to which India became a signatory in 1992, prohibits the use of CFCs beyond the year 2010, HFC-134a is one of the recommended CFC substitute in refrigeration, air conditioning and aerosol and is a much preferred one for several technical, economic and safety reasons. This standard was prepared indigenously based on the available data and information. This standard covers general information and properties of HFC-134a, the nature of hazards associated with it and essential information on personal protective equipment, storage, handling, labelling, transportation, spillage/leakage,

निपटान/पुनःचक्रण, प्रशिक्षण, अग्नि शमन और अग्नि की रोकथाम, स्वास्थ्य निगरानी और फर्स्ट एड (प्राथमिक चिकित्सा) को शामिल किया गया है।

- **एसपी 7 : 2005 राष्ट्रीय भवन संहिता (एनबीसी) 2005 (*दूसरा पुनरीक्षण*)** – भवन निर्माण के क्षेत्र में प्रौद्योगिकीय उन्नति लाने और निरापद तथा स्वच्छ अधिवास प्रदान करने के लिए इस संहिता को पुनरीक्षित किया गया है। इस संहिता में भवन आयोजना, अभिकल्पन और निर्माण निहित हैं। इसके प्रावधान इस्पात, मेसनरी संहिता, लादने (लदाई) या लोडिंग संहिता अद्यतन अग्नि सुरक्षा आवश्यकताओं आदि की नवीनतम आवश्यकताओं के अनुरूप है। यह संहिता सरकारी निर्माण विभागों, स्थानीय निकायों और अन्य निर्माण अभिकरणों तथा अन्य निर्माण अभिकरणों द्वारा अपनाए जाने के लिए एक आदर्श के रूप में कार्य करने पर आशयित है। एनबीसी 2005 से संबंधित जानकारी सभी संबद्ध व्यक्तियों को देने हेतु भा मा ब्यूरो अनेक कार्यशालाएँ आयोजित कर रहा है।



- **आईएस 15607 : 2005 बायो-डीज़ल – विशिष्टि** – स्वचालित वाहनों और तेल उद्योग के लिए पर्यावरण संबंधी विनियम प्रमुख प्रेरक रहे हैं। जैव ईंधन-इथेनॉल और बायो-डीज़ल–को पर्यावरण संबंधी विनिमय प्रमुख प्रेरक रहे हैं। जैव ईंधन-इथेनॉल और बायो-डीज़ल को पर्यावरण संबंधी समस्याओं और ऊर्जा सुरक्षा के एक समाधान के रूप में विश्वव्यापी स्वीकृति मिल रही है। बायो-डीज़ल अविषालु और जैव निम्नीकरणीय है तथा यह एक ईंधन और ईंधन संयोजी के रूप में एनवायर्नमेंटल प्रोटेक्शन एजेंसी (ईपीए) में पंजीकृत है। बायो-डीज़ल को नए या प्रयुक्त वनस्पति तेलों (खाद्य और अखाद्य दोनों) से तथा पशु वसा के ट्रांस-एस्टरीकरण से बनाया जाता है। बायो-डीज़ल के उपयोग के फलस्वरूप बिना जले हाइड्रोकार्बन, कार्बन मोनोऑक्साइड और कणयुक्त पदार्थ में पर्याप्त कमी आती हैं। इसमें लगभग शून्य मात्रा में सल्फर, कार्बन मोनोऑक्साइड और लगभग 10 प्रतिशत अंतर्निमित ऑक्सीजन होती है, जो इसका पूर्ण दहन सुनिश्चित करने में सहायता करती है। बायो-डीज़ल वायु प्रदूषण कम करने के अलावा यूरो III और यूरो IV उत्सर्जन मानकों को पूरा करने के लिए आवश्यक अल्प सल्फर डीज़ल ईंधनों के स्नेहन में सुधार लाता है।

- **आईएस 15609 : 2005 प्राकृतिक मिनरल जल और पैकेजबंद पेय जल की पैकिंग के लिए पॉलीएथिलीन के नम्य पाउच – विशिष्टि** – पैकिंग के सबसे सस्ते माध्यम होने और सुरक्षित जल को नम्य पाउच में पैक करने के कारण उन क्षेत्रों में जहाँ भूमिगत जल सुरक्षित नहीं है, विषेशकर तटीय क्षेत्रों में, पीईटी बोतल के अलावा इनकी अत्यधिक माँग है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि पैक किया गया जल उपभोक्ता तक निरापद और सुरक्षित स्थिति में पहुँचे, भा मा ब्यूरो ने यह मानक प्रकाशित किया है। इस मानक में कच्ची सामग्री के रूप में प्रयुक्त सह-बहिर्वेधित पॉलीएथिलीन फिल्म की आवश्यकताएँ, निष्पादन आवश्यकताएँ और प्राकृतिक मिनरल जल तथा पैकेजबंद पेयजल के लिए लचीले पाउच हेतु परीक्षणों की विधियाँ शामिल की गई हैं।

waste disposal/ recycling, training, fire fighting and fire prevention, health monitoring and first aid.

- **SP 7 : 2005 National Building Code (NBC) 2005 (*second revision*)** – This Code has been revised to bring technological advancement in building construction field and to provide safe and healthy habitat. This Code covers building planning, designing and construction. Its provision are in line with latest requirement of steel code, masonry code, loading code and updated fire protection requirements etc. This Code is intended to serve as a model for adoption by Government construction departments, local bodies and other construction agencies. BIS is organizing a number of workshops to disseminate information to all concerned for information of NBC 2005.

- **IS 15607 : 2005 Bio-diesel – Specification** – Environmental regulations continue to be the major driver for auto and oil industry. Biofuels – Ethanol and Bio-diesel – are gaining world wide acceptance as a solution to environmental problems and energy security. Bio-diesel is non-toxic and bio-degradable and is registered with Environmental Protection Agency (EPA) as a fuel and fuel additive. Bio-diesel is made from virgin or used vegetable oils (both edible and non-edible) and animal fats through trans-esterification. The use of bio-diesel results in substantial reduction of un-burnt hydrocarbons, carbon monoxide and particulate matter. It has almost no sulphur, no aromatics and about 10% built-in oxygen which help in ensuring complete combustion. Its higher Cetane Number also improves the combustion. Bio-diesel besides helping in reducing the air pollution, improves lubricity of low sulphur diesel fuels required for meeting Euro III and Euro IV emission norms.

- **IS 15609 : 2005 Polyethylene Flexible Pouches for the Packing of Natural Mineral Water and Packaged Drinking Water – Specification** – Flexible pouches being the cheapest mode of packing and potable water packed in flexible pouches is in great demand besides PET bottles in areas where ground water is not potable, particularly in the coastal areas. To ensure that packaged water reaches the consumer in safe and potable state, BIS published this standard. This standard covers the requirements for co-extruded polyethylene film used as raw material and capacity, performance requirements and methods of tests for flexible pouches for packing natural mineral water and packaged drinking water.

- **आईएस 15573 : 2005 पॉलीएल्युमिनियम क्लोराइड** – सुरक्षित जल की आपूर्ति की गुणता में सुधार सभी नगर निगमों और सार्वजनिक स्वास्थ्य इंजीनियरी जल आपूर्ति पद्धतियों का एक प्रबलन क्षेत्र है। आपूर्त जल की गुणता में सुधार की खोज के भाग के रूप में सर्वाधिक लागत प्रभावी और सक्षम जल उपचार रसायनों की एक आवश्यकता है। पॉलीएल्युमिनियम क्लोराइड अनेक प्रकार के धुंधलेपन और पीएच के सूक्ष्मदर्शी निलम्बित पदार्थ को हटाने के लिए एक प्रभावी स्कंदक के रूप में किया जाता है, जो प्राकृतिक सतही जल में पाए जाते हैं। यह शैवालों को हटाने के लिए भी प्रभावी है। पॉलीएल्युमिनियम क्लोराइड को नई कच्ची सामग्रियों से बनाया जाए ताकि यह पेय जल के लिए सुरक्षित हो। इस मानक में तरल और चूर्ण के रूप में पॉलीएल्युमिनियम क्लोराइड की विशेषताएँ, आवश्यकताएँ और नमूने लेने तथा परीक्षण की विधियाँ बताई गई हैं।
- **आईएस 15584 : 2005 चिकित्सकीय एक्स-रे फिल्म** – एक्स-रे की तकनीक के साथ चिकित्सकों को रोगियों के शरीर के अंदरूनी भागों का स्पष्ट चित्र मिलता है और वे उनका निदान कर सकते हैं। चिकित्सीय एक्स-रे सही गुणता वाली होनी चाहिए, ताकि यह शरीर के अंगों की उचित छवि प्रस्तुत करे। इस मानक में आधार की मोटाई + आधार फोग घनत्व, अधिकतम घनत्व, औसत प्रवणता और प्रकाशीय घनत्व में एकसारता को अनुबंधित किया गया है। इस मानक में तीखेपन और छवि की स्पष्टता के सत्यापन हेतु रेडियोग्राफी परीक्षण तथा त्वरित काल-प्रभावन परीक्षण को भी निर्दिष्ट किया गया है। मानक में फिल्मों की न्यूनतम शेल्फ जीवन अवधि भी बताई गई है। इस मानक के कार्यान्वयन से चिकित्सीय एक्स-रे फिल्मों की गुणता के विषय में आयातकों और उपभोक्ताओं को सहायता मिलने की आशा है।
- **आईएस 15612 : 2005 वस्त्रादि - पर्दों और वस्त्रों के ज्वलन व्यवहार** – वस्त्रादि सामग्रियों की अन्य महत्वपूर्ण विशेषताओं जैसे कि दहन, तापीय निम्नीकरण, अंतर्दहन, पश्चात-चमक, धुआँ और विषालुता के अतिरिक्त एक है ज्वलनशीलता। वस्त्रादि की ज्वलनशीलता आवश्यकताओं में प्रौद्योगिकीय उन्नतियों के साथ गति बनाए रखने के लिए भा मा ब्यूरो ने निम्नलिखित विषयों पर मानकों के नए सैट का निर्धारण किया है:
  (क) 'वस्त्रादि - पर्दों और कपड़ों का ज्वलन व्यवहार: भाग 1 वर्गीकरण योजना'
  (ख) 'वस्त्रादि - पर्दों और कपड़ों का ज्वलन व्यवहार : भाग 2 बड़े प्रज्वलन स्रोतों सहित ऊर्ध्वाधर उन्मुख नमूनों में ज्वाला फैलने का मापन'
  (ग) 'वस्त्रादि-पर्दों और कपड़ों का ज्वलन व्यवहार : भाग 3 ऊर्ध्वाधर उन्मुख नमूनों की ज्वलनशीलता निर्धारित करने की विस्तृत विधि (छोटी ज्वाला)'
  (घ) 'वस्त्रादि -पर्दों और कपड़ों का ज्वलन व्यवहार : भाग 4 ऊर्ध्वाधर उन्मुख नमूनों की ज्वलनशीलता निर्धारित करने की विस्तृत विधि'
- **आईएस 15658 : 2006 फर्श (सड़क) के लिए पूर्व निर्मित कॉन्क्रीट ब्लॉक** – पूर्व निर्मित सीमेंट कॉन्क्रीट के ब्लॉकों से हल्के, मध्यम, भारी और अत्यन्त भारी यातायात अनुप्रयोगों के लिए प्रयुक्त सड़क बनाने का एक तीव्र मार्ग है। तदनुसार, भा मा ब्यूरो ने इस

- **IS 15573 : 2005 Polyaluminium Chloride –** Improvement in the quality of potable water supply is a thrust area of all municipal and Public Health Engineering Department water supply systems. As part of this quest to improve the quality of water supplied, there is a need for most cost effective and efficient water treatment chemicals. Polyaluminium chloride is an effective coagulant used to remove microscopic suspended matter quickly over a wide range of turbidity and *p*H as encountered in natural surface waters. It is also effective for removing algae. Polyaluminium chloride is to be manufactured from virgin raw materials so that it is safe for drinking water. The standard prescribes the characteristics, requirements and methods of sampling and test for polyaluminium chloride in liquid and powder from.
- **IS 15584 : 2005 Medical X-ray film –** With the X-ray techniques the doctors gets clear picture of inside parts of bodies of the patients under investigation enabling them to make diagnosis. The Medical X-ray Film should be of the right quality, so that it will gives proper image of the parts of the body. The requirements for Thickness of base, Base + Fog density, Maximum density, Average gradient and Uniformity in optical density have also been stipulated in the standard. In addition, the tests for Radiography to verify the sharpness and image clarity and Accelerated Ageing Test have also been specified in the standard. The standard also incorporates the minimum shelf life of films. The implementation of the standard is expected to assist the importers and the consumers regarding the quality of the Medical X-ray Films.
- **IS 15612 : 2005 Textiles – Burning Behaviour of Curtains and Drapes –** The flammability is one of the important properties of textile materials apart from other characteristics such as combustion, thermal degradation, smoldering, after glow, smoke and toxicity. In order to keep pace with the technological advancement in flammability requirements of textile fabrics, BIS formulated a new set of standards on the following subjects :
  (a) 'Textiles – Burning behaviour of curtain and drapes: Part 1 Classification scheme'
  (b) 'Textiles – Burning behaviour of curtain and drapes: Part 2 Measurement of flame spread of vertically oriented specimens with large ignition source'
  (c) 'Textiles – Burning behaviour of curtain and drapes: Part 3 Detailed method of determining the ignitability of vertically oriented specimens (small flame)'
  (d) 'Textiles – Burning behaviour of curtain and drapes: Part 4 Detailed method of determining the ignitability of vertically oriented specimens'
- **IS 15658 : 2006 Precast Concrete Blocks for Paving** – Precast cement concrete blocks provide a quick way of providing paving used for light, medium, heavy and

मानक का निर्धारण किया, जिसमें घटक सामग्रियाँ, उत्पाद आवश्यकताएँ और परीक्षण विधियाँ निर्दिष्ट की गई है।

क) आईएस/आईएसओ/आईईसी 27001 : 2005 सूचना प्रौद्योगिकी - सुरक्षा तकनीकें - सूचना सुरक्षा प्रबंध पद्धतियाँ - अपेक्षाएँ

ख) आईएस/आईएसओ/आईईसी 17799 : 2005 सूचना प्रौद्योगिकी - सुरक्षा तकनीकें - सूचना सुरक्षा प्रबंध की रीति संहिता

सूचना सुरक्षा महत्वपूर्ण है, क्योंकि सूचना सुरक्षा में त्रुटियों से वित्तीय क्षतियाँ और व्यवसाय प्रचालनों में भारी तबाही हो सकती है। आईएस/आईएसओ/आईईसी 27001: 2005 और आईएस/आईएसओ/आईईसी 17799 : 2005 दोहरी संख्या वाले मानक हैं और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को अपना कर तैयार किए गए है तथा ये संगठन को नुकसान से बचाने में सहायता देकर भावी खतरों से बचा सकते हैं। इन मानकों को व्यापक प्रकार के संगठनों-छोटे, मध्यम और बड़े में, अधिकांश वाणिज्यिक तथा औद्योगिक बाज़ार क्षेत्रों, बैंकिंग तथा बीमा, दूरसंचार, उपयोगिताओं, खुदरा और विनिर्माण, सेवा उद्योगों परिवहन, ई-शासन और ई-व्यवसाय आदि में उपयोग किया जा सकता है। इन मानकों के कार्यान्वयन से ग्राहकों और आपूर्तिकारों को पुन: आश्वासन मिलेगा कि सूचना सुरक्षा को संगठन के अंदर गंभीरतापूर्वक लिया जाता है और इनमें सूचना सुरक्षा खतरों एवं मुद्दों से निपटने के लिए आधुनिकतम प्रक्रम और नियंत्रण उपलब्ध हैं।

आईएस 15504 : 2004 सार्वजनिक सूचना पद्धतियाँ-यह मानक आईएसओ 7001 : 1990 'सार्वजनिक सूचना प्रतीक' के समरूप है और इसमें लोगों की जानकारी के लिए प्रयुक्त ग्राफीय संकेतों की छवि विषयवस्तु को निर्दिष्ट किया गया है। इन मानक प्रतीक के साथ सार्वजनिक सुविधाओं, खतरे के प्रतीक आदि पर जानकारी लोगों तक आसानी से पहुँचाई जा सकती है ताकि वे अपनी संस्कृति या भाषा कुछ भी होने के बावजूद इन्हें समझ सकें।

आईएस 15700 : 2005 गुणता प्रबंध पद्धतियाँ - लोक सेवा संगठनों द्वारा सेवा गुणता हेतु अपेक्षाएँ - भारतीय मानक ब्यूरो ने भारत सरकार के अनुरोध पर एक भारतीय मानक 'गुणता प्रबंध पद्धतियाँ-लोक सेवा संगठनों द्वारा सेवा गुणता हेतु अपेक्षाएँ' तैयार किया है। लोक सेवा संगठन द्वारा इस मानक के कार्यान्वयन से उन पद्धतियों के निर्माण में सहायता मिलेगी जो यह सुनिश्चित करेगी कि यह अपने ग्राहकों को लगातार प्रभावी और सक्षम सेवाएँ प्रदान करने में समर्थ हो, जिससे न केवल ग्राहक संतुष्टि में वृद्धि होगी, बल्कि इसकी सेवाओं को भी निरंतर सुधारा जा सकेगा। इस मानक में 'सेवा प्रदाय', 'नागरिक चार्टर', 'शिकायत निपटान' और 'निरंतर सुधार' मुख्य रूप से शामिल किए गए है।

आईएस/आईएसओ/आईईसी 17025 : 2005 परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशालाओं की सक्षमता की सामान्य अपेक्षाएँ- आईएसओ/आईईसी 17025:1999 को आईएसओ/आईईसी 17025:2005 के रूप में पुनरीक्षित किया गया है। मूल मानक (आईएसओ/आईईसी 17025:1999) आईएसओ 9001:1994 और आईएसओ 9002:1994 पर

very heavy traffic applications. Accordingly BIS formulated this standard which specifies constituent materials, product requirement and test methods.

a) **IS/ISO/IEC 27001 : 2005 Information Technology – Security Techniques –Information Security Management Systems – Requirements**

b) **IS/ISO/IEC 17799 : 2005 Information Technology – Security Techniques – Code of Practice for Information Security Management**

Information security is important as Information security flaws can result in escalating financial losses and wreak havoc with business operations. IS/ISO/IEC 27001 : 2005 and IS/ISO/IEC 17799 : 2005 are dual number standards and prepared by adopting International Standards and can help organizations plug leaks and prevent future threats. These standards can be used by a broad range of organizations–small, medium and large, in most of the commercial and industrial market sectors: banking and insurance, telecom, utilities, retail and manufacturing, service industries, transportation, for e-government and e-business etc. The implementation of these standards will reassure customers and suppliers that information security is taken seriously within the organization and they have in place state-of-the-art processes and controls to deal with information security threats and issues.

IS 15504 : 2004 Public Information Systems – This standard, which is identical with ISO 7001 : 1990 'Public Information Symbols' specifies the image content of graphical symbols used for the information of people. With these standard symbols, information on public amenities, danger signals etc can be easily delivered to people to enable them to understand irrespective of their culture or language.

IS 15700 : 2005 Quality Management Systems – Requirements for Service Quality by Public Service Organizations – Bureau of Indian Standards (BIS), at the behest of Government of India, has prepared an Indian Standard on 'Quality Management Systems – Requirement for Service Quality by Public Service Organizations'. The implementation of this standard by a public service organization would help it in building systems which would ensure that it is capable of providing effective and efficient services to its customers consistently, which will not only help it in enhancing customer satisfaction but also in continually improving its service. This standard mainly includes the systems for 'service delivery', 'citizen charter', 'complaints handling', and 'continual improvement'.

IS/ISO/IEC 17025 : 2005 General Requirements for the Competence of Testing and Calibration Laboratories – ISO/IEC 17025 :1999 has been revised as ISO/IEC 17025 : 2005. The original standard (ISO/IEC 17025 :1999) was based on ISO 9001 : 1994 and ISO 9002 :1994. These

आधारित था। इन मानकों के स्थान पर आगे चलकर आईएसओ 9001 : 2000 लाए गए, जिनमें आईएसओ 9001 : 2000 के साथ अनिवार्य आईएसओ/आईईसी 17025 का सरेखन किया गया। इस पहले पुनरीक्षण में खंडों को केवल तभी संशोधित किया या जोड़ा गया है जब आईएसओ 9001 : 2000 के प्रकाश में इसे अनिवार्य पाया गया।

आईएस/आईएसओ 15189 : 2003 चिकित्सीय प्रयोगशालाएँ – गुणता और सक्षमता की विशेष अपेक्षाएँ – चिकित्सीय प्रयोगशाला सेवाएँ रोगी की देखभाल के लिए अनिवार्य हैं और इस लिए इसे सभी रोगियों तथा क्लिनिक कार्मिकों की आवश्यकताएँ पूरी करने के लिए उपलब्ध होना चाहिए, जो इन रोगियों की देखभाल के लिए उत्तरदायी है। उक्त सेवाओं में अनुरोध की व्यवस्था, रोगी को तैयार करना, रोगी की पहचान करना, नमूने संग्रह करना, परिवहन, भंडारण, क्लिनिक नमूनों का प्रक्रमण और परीक्षण, चिकित्सीय प्रयोगशाला कार्य में निरापदता तथा नीतिशास्त्र के विचारों के साथ पुनः सत्यापन, व्याख्या, रिपोर्ट करना एवं सलाह देना शामिल है। भा मा ब्यूरो ने दोहरी संख्या के अंतर्गत आईएसओ 15189 को अपनाया है। यह मानक चिकित्सीय प्रयोगशाला सेवाओं के वर्तमान में मान्यता प्राप्त विषयों में उपयोग हेतु आशयित हैं। अन्य सेवाओं और विषयों में कार्यरत व्यक्तियों के लिए भी यह उपयोगी और उपयुक्त हो सकता है। इसके साथ, चिकित्सीय प्रयोगशालाओं की सक्षमता को मान्यता देने में संलग्न निकाय अपनी गतिविधियों के लिए इस अंतर्राष्ट्रीय मानक को आधार के रूप में उपयोग कर सकते हैं। इस मानक में चिकित्सीय प्रयोगशालाओं के लिए विशेष रूप से गुणता और सक्षमता की आवश्कताएँ निर्दिष्ट की गई हैं।

मानकों की समीक्षा तथा अद्यतनीकरण

जब भी जरूरी हो मानकों की समीक्षा की जाती है परंतु यह समीक्षा पांच वर्षों में कम से एक बार अवश्य की जाती है। वर्ष के दौरान 3 663 मानकों की समीक्षा की गई, 3 589 मानकों की पुनः पुष्टि की गई, 251 का पुनरीक्षण शुरू किया गया और 74 मानकों को वापिस लिया गया। इसके साथ, मानकों में 320 संशोधन प्रकाशित किए गए।

सुमेलीकरण

खुले बाज़ार के परिदृष्य में भारत वैश्विक प्रतिस्पर्द्धा की चुनौती का सामना कर रहा है। वैश्विक बाज़ार में बने रहने का एकमात्र तरीका है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित आईएसओ/आईईसी मानकों को जहाँ तक संभव हो भारतीय मानकों के साथ सुमेलित किया जाए। भारत व्यापार पर तकनीकी बाधाओं पर डब्ल्यूटीओ करारनामे का हस्ताक्षरी है। इस करारनामे के अनुसार, डब्ल्यूटीओ के सदस्य देशों को अपने राष्ट्रीय मानक अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ सरेखित करने की आवश्यकता होती है। यद्यपि, देशों की विशिष्ट चिन्ता जैसे सुरक्षा, पर्यावरण संबंधी मुद्दों को राष्ट्रीय मानकों को निर्धारित करते समय विचार में लिया/शामिल किया जा सकता है। भा मा ब्यूरो में मानक निर्धारण के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों का उपयोग किया जाता है, जहाँ ये एक आधार के रूप में मौजूद हैं। अब तक भा मा ब्यूरो ने अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ 3 757 भारतीय मानकों को सुमेलित किया है।

standards were subsequently superseded by ISO 9001 : 2000, which made an alignment of ISO/IEC 17025 necessary with ISO 9001 : 2000. In this first revision, clauses have been amended or added only when considered necessary in the light of ISO 9001 : 2000.

IS/ISO 15189 : 2003 Medical Laboratories – Particular Requirements for Quality and Competence – Medical laboratory services are essential to patient care and therefore have to be available to meet the needs of all patients and the clinical personnel responsible for the care of those patients. Such services include arrangements for requisition, patient preparation, patient identification, collection of samples, transportation, storage, processing and examination of clinical samples, together with subsequent validation, interpretation, reporting and advice, in addition to the considerations of safety and ethics in medical laboratory work. BIS has adopted ISO 15189 under dual numbering. This standard is intended for use throughout the currently recognized disciplines of medical laboratory services. Those working in other services and disciplines could also find it useful and appropriate. In addition, bodies engaged in the recognition of the competence of medical laboratories will be able to use this International Standard as the basis for their activities. It specifies requirements for quality and competence particular to medical laboratories.

Review and Updating of Standards

वर्ष 2005-06 के दौरान भा मा ब्यूरो मानक मुहर का दुरुपयोग करने के विरुद्ध 241 छापे मारे गए। छापों में विभिन्न उत्पाद जब्त किए गए, जैसे कि पैकेजबंद पेय जल, सीमेंट, वैद्युत उपकरण, पीवीसी इंसुलीकृत केबल, प्लाईवुड, पशु आहार, यूपीवीसी पाइप, एलपीजी स्टोव आदि। इस कार्रवाई को भा मा ब्यूरो के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालयों/शाखा कार्यालयों में विकेन्द्रीकृत किया गया है ताकि प्रवर्तन संबंधी मामलों का शीघ्रता से निपटान किया जाए और न्यायालयों में अभियोजन आरम्भ किया जा सके। इसके अतिरिक्त चुने हुए स्थलों पर प्रवर्तन कार्रवाई को सुदृढ़ बनाने तथा छापों के प्रभाव को बढ़ाने के लिए प्रवर्तन कार्रवाई की आंशिक आउटसोर्सिंग की गई है।

इस अवधि के दौरान भा मा ब्यूरो ने मुख्यालय तथा देश भर में फैले अपने कार्यालयों में हुए प्रवर्तन छापों के विषय में अनेक प्रैस विज्ञप्तियाँ जारी की है, जिन्हें प्रिन्ट तथा इलैक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा व्यापक रूप से कवर किया गया है।

enforcement actions such as consumer awareness and enforcement raids have been stepped up during the year. The Enforcement Department has also been strengthened with posting of Regional Enforcement Officers in two regions to coordinate and monitor this activity.

During the year 2005-06, BIS has carried out 241 enforcement raids all over India on firms misusing the BIS Standard Mark. During these raids, various spurious products including many household products were seized such as Packaged Drinking Water, Cement, Electrical Appliances, PVC Insulated Cables, Plywood, Cattle Feed, UPVC Pipes, LPG Stoves etc. Also, this activity has been decentralized to Regional Offices/ Branch Offices within BIS, with a view to have expeditious processing of Enforcement related cases and consequent launching of prosecutions in the courts. Additionally, partial outsourcing of Enforcement activity to outside agencies at select locations has been done to further strengthen the enforcement activity and to increase the effectiveness of the raids.

During the period, BIS has also issued a number of press releases about the enforcement raids from Headquarters and its Offices all over the country which was widely covered by both the print and electronic media.

प्रयोगशाला सेवाएँ

भा मा ब्यूरो की प्रयोगशालाएँ मूल रूप से गैर-व्यावसायिक प्रयोगशालाएँ है और इन्हें नमूनों के स्वतंत्र परीक्षण के लिए स्थापित किया गया है, जिन्हें भा मा ब्यूरो उत्पाद प्रमाणन योजना के अंतर्गत फैक्टरी और बाज़ार से लिया जाता है। नमूनों की परीक्षण रिपोर्ट परीक्षण के बाद शाखाओं द्वारा दिए गए निर्देशानुसार संबंधित शाखा कार्यालयों को प्रदान की जाती है। परीक्षण की प्रक्रिया के दौरान नमूने की प्राप्ति की तिथि से उसकी गोपनीयता परीक्षण रिपोर्ट जारी होने तक बनाई रखी जाती है।

पहली भा मा ब्यूरो प्रयोगशाला की स्थापना 1963 में मानक भवन स्थित मुख्यालय में की गई थी। किस्म और मात्रा के संदर्भ में कार्यभार के साथ गति बनाए रखते हुए प्रयोगशाला की सक्रियता आने वाले वर्षो में बढ़ती रही है तथा भा मा ब्यूरो ने साहिबाबाद, मुम्बई, चेन्नई, कोलकता, बैंगलोर, मोहाली, पटना और गुवाहाटी में प्रयोगशालाओं की स्थापना की है।

LABORATORY SERVICES

BIS laboratories are basically non-commercial laboratories and have been set up for independent testing of samples which are drawn both from factory and market under BIS Product Certification Scheme. The test reports of the samples so drawn are provided to the concerned branch offices of Bureau after testing in accordance with the corresponding Indian Standards and as directed by the branches. During the process of testing, confidentiality of samples is maintained right from their receipt in sample cell till the issuance of test reports.

The first BIS laboratory was set up at its HQs at Manak Bhavan in 1963. In order to keep pace with the work load in terms of variety and quantity, the laboratory activity has continued to expand over the years and BIS established laboratories at Sahibabad, Mumbai, Chennai, Kolkata, Bangalore, Mohali, Patna and Guwahati.

वर्तमान में भा मा ब्यूरो प्रयोगशालाएँ रसायन, यांत्रिक और विद्युत विषयों के क्षेत्र में परीक्षण सेवाएँ प्रदान करती है। रासायनिक प्रयोगशालाओं में खाद्य परीक्षण एक अविभाज्य भाग के रूप में किया जाता है। साहिबाबाद में स्थित केन्द्रीय प्रयोगशाला में आंतरिक अंशशोधन सेवाएँ प्रदान करने के लिए एक विद्युत अंशशोधन अनुभाग भी है।



उत्पादकता

वर्ष 2005-2006 के दौरान, भा मा ब्यूरो ने विभिन्न प्रकार के उत्पादों की 26 725 परीक्षण रिपोर्टें जारी की जबकि वर्ष 2004-05 के दौरान 27 615 रिपोर्टें जारी की। इस वर्ष रिपोर्टों में यह कमी श्रम शक्ति में कमी आने के कारण हुई।

गुणता नीति

देश में प्रयोगशाला प्रबंध पद्धति में उत्कृष्टता का भा मा ब्यूरो प्रयोगशाला को राष्ट्रीय बैंचमार्क बनाने के उद्देश्य से वर्ष के दौरान गुणता नीति में परिवर्तन किया गया। प्रयोगशालाओं के प्रभावीपन, संसाधनों के अनुकूलतम उपयोग में सुधार हेतु प्रयोगशाला प्रबंध पद्धति के निरन्तर उन्नवयन और प्रयोगशाला स्टाफ की उच्चकोटि की व्यावसायिक नैतिकता तथा सत्यनिष्ठा को बनाए रखने पर परिवर्तित गुणता नीति केन्द्रित है।

गुणता आश्वासन गतिविधियाँ

गुणता आश्वासन भा मा ब्यूरो की सभी प्रयोगशालाओं के परीक्षण परिणामों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण कार्य है। भा मा ब्यूरो की आठ प्रयोगशालाओं में से छः प्रयोगशालाएँ एनएबीएल प्रत्यायित हैं। सभी प्रयोगशालाओं को आईएस/आईएस ओ/आईईसी 17025 : 2005 की आवश्यकताओं के अनुसार उनकी गुणता प्रबंध पद्धतियों के अनुसार बनाया गया है। वर्ष के दौरान गुणता आश्वासन विभागों द्वारा निष्पादित अन्य विभिन्न कार्य इस प्रकार है:

i) रिपोर्ट के अनुसार परीक्षण परिणामों की परिशुद्धता के सत्यापन के लिए गुणता आश्वासन परीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 5 प्रतिशत नमूनों का गुणता आश्वासन परीक्षण किया गया।
ii) भा मा ब्यूरो की प्रयोगशालाओं ने इस्पात ट्यूब, प्रेशर कुकर, फोटोकॉपियर कागज, प्लग एवं सॉकेट, स्विच, पैकेजबंद पेय जल, यूपीवीसी पाइप, जीएलएस लैम्प, निमज्जन वाटर हीटर, रबर और कंक्रीट क्यूब आदि जैसे उत्पादों के विभिन्न उत्पादों के लिए प्रवीणता परीक्षण कार्यक्रम में भाग लिया तथा उनकी कार्यकारिता संतोषजनक रही।
iii) अधिकारियों/तकनीकी कार्मिकों ने आयोजित निम्नलिखित परीक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया:
   - अनिश्चिता के मापन का आकलन
   - अंतर-प्रयोगशाला परीक्षण तथा ज़ेड-अंक की गणना

At present, BIS laboratories are providing testing facilities in the field of chemical, mechanical and electrical disciplines. Food testing is an integral part of the chemical laboratories. Central Laboratory at Sahibabad has also an electrical calibration section to provide in-house calibration services.

Productivity

During the year 2005-2006, BIS laboratories issued 26 725 test reports covering a vide range of products against 27 615 reports issued during the year 2004-05, which is primarily due to depletion of manpower.

Quality Policy

In order to aim towards making BIS laboratories as a National Benchmark of excellence in Laboratory Management Systems in the country, the Quality Policy was revised during the year. The revised policy focuses on continual upgradation of Laboratory Management System to improve its effectiveness, optimum utilization of resources and to maintain the highest degree of professional ethics and integrity amongst the Laboratory staff.

Quality Assurance Activities

Quality Assurance is an important activity in all BIS laboratories to ensure the credibility of test results. Out of eight laboratories, six laboratories of BIS are NABL accredited. All the laboratories have aligned their Quality Management System inline with the requirements of IS/ISO/IEC 17025 : 2005. The various other functions performed by the Quality Assurance Departments during the year are as under:

i) Approximately 5 percent samples were tested under Quality Assurance testing programme to verify the accuracy of the test results as reported.
ii) BIS laboratories participated in Proficiency testing programmes for products such as Steel tubes, Pressure cooker, Photocopier paper, Plug and socket, Switches, Packaged drinking water, UPVC pipes, GLS lamps, Immersion water heater, Rubber and concrete cubes and their performance was found satisfactory.
iii) Officers and technical personnel participated in the following training programmes:
   - Estimation of measurement of uncertainty
   - Inter-laboratory testing and calculation of Z-score

- आईएसओ/आईईसी 17025 : 2005 पर जागरूकता कार्यक्रम
- सीई मुहरांकन
- प्रयोगशाला गुणता प्रबंध पद्धति और आंतरिक लेखापरीक्षा
- सिक्स सिगमा अप्रोच
- 5 एस
- कम्प्यूटर जागरूकता कार्यक्रम और हिन्दी सॉफ्टवेयर
- आधुनिक प्रयोगशाला प्रबंध में अग्रणी

iv) शिकायत निपटान भी गुणता आश्वासन गतिविधियों के अंतर्गत निष्पादित महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है। जहाँ कहीं शिकायतें प्राप्त होती है तो शिकायत के वास्तविक कारण का विश्लेषण किया जाता है और उपयुक्त सुधारात्मक तथा निवारणात्मक कार्रवाइयाँ की जाती है और उनकी निगरानी की जाती है। इन गतिविधियों का भी सुधारात्मक/निवारणात्मक कार्ययोजनाओं के सत्यापन हेतु आंतरिक लेखा परीक्षण कराया जाता है।

उत्पाद परीक्षण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

परीक्षण पद्धतियों में एकरूपता लाने के लिए भा मा ब्यूरो प्रयोशालाओं द्वारा वर्ष 2005-06 के दौरान लाइसेंसधारियों/आवेदकों के लाभ के लिए पैकेजबंद पेय जल, केबल, एलपीजी स्टोव, संयंत्र सुरक्षा उपकरण (नैपसैक स्प्रेयर), ब्लीचिंग पाउडर, ड्रम (बड़े स्थायी सिरों वाले), घरेलू जल मीटर, प्लाईवुड उत्पाद, सिंचाई उपकरण-उत्सर्जक और स्ट्रेनर के क्षेत्र पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

परीक्षण सुविधाओं का आधुनिकीकरण और अद्यतन बनाना

भा मा ब्यूरो प्रबंध द्वारा भा मा ब्यूरो प्रयोगशालाओं को आधुनिक बनाने के निर्णय के अनुसार निम्नलिखित प्रयोजन हेतु विभिन्न नए उपकरणों की खरीद हेतु 185 मिलियन रु. के व्यय की एक ठोस योजना को अंतिम रूप दिया गया है:

- जहाँ आंशिक परीक्षण सुविधाएँ है वहाँ परीक्षण सुविधाओं को पूरा करना
- नई परीक्षण सुविधाओं का सृजन
- अवसंरचना का सृजन/सुधार

वर्ष के दौरान प्रयोगशालाओं में निम्नलिखित परीक्षण उपकरण शामिल किए गए:

- स्वत: नमूने लेने वाले यंत्र और डिटेक्टर सहित एक गैस क्रोमेटोग्राफ पैकेजबंद पेयजल के परीक्षण हेतु केन्द्रीय प्रयोगशाला, साहिबाबाद में प्राप्त किया गया।
- केन्द्रीय प्रयोगशाला साहिबाबाद और बैंगलोर शाखा प्रयोगशाला में पैकेजबंद पेय जल और धातुओं के परीक्षण हेतु स्वत: नमूने लेने वाले यंत्र सहित एएएस और ग्रेफाइट भट्टी

- Awareness programme on ISO/IEC 17025 : 2005
- CE Marking
- Lab quality management system and internal audit
- Six Sigma approach
- 5S
- Computer awareness programme and Hindi software
- Leadership in modern laboratory management

iv) Complaint handling is also one of the important functions performed under quality assurance activities. Whenever complaints are received, the root cause analysis of the complaint is carried out and suitable corrective and preventive actions are taken and monitored. This activity is also subjected to internal audit for verification of corrective/preventive action plans.

Training Programmes on Product Testing

In order to bring uniformity in test methods, BIS laboratories organized nine training programmes for the benefit of BIS licensees/applicants in the year 2005-2006 in the fields of Packaged drinking water, Cables, LPG stoves, Plant protection equipment (Knapsack Sprayer), Bleaching powder, Drums(Large fixed ends), Domestic water meter, Plywood products, Irrigation equipments-emitters and strainers.

Modernization and Upgradation of Test Facilities

A concrete plan to modernize BIS laboratories was finalized during the year. Under this project an expenditure to the tune of Rs 185 million is expected to be incurred for purchase of various new equipments with focus on :

- Completion of test facilities where partial test facilities exist
- Creation of new test facilities
- Creation/improvement of infrastructure

During the year, the following test equipments were added in the laboratories:

- A Gas Chromatograph with auto-sampler and detectors at Contral Laboratory Sahibabad for testing of pesticide residues in packaged drinking water
- AAS with auto-sampler and Graphite furnace for Central Laboratory, Sahibabad and Bangalore branch laboratory for testing of elements in packaged drinking water and metals

- पैकेजबंद पेय जल, इस्पात, पीतल और खाद्य रंगों में तत्त्वों के परीक्षण हेतु केन्द्रीय प्रयोगशाला और पूर्वी क्षेत्रीय प्रयोगशाला के लिए यूवी-विज़िबल स्पेक्ट्रोफोटोमीटर
- मोहाली स्थित उत्तरी क्षेत्रीय प्रयोगशाला में पानी के मीटर के परीक्षण हेतु जीवन परीक्षण उपकरण

भा मा ब्यूरो प्रयोगशालाओं की नेटवर्किंग

सक्षम सेवाएँ प्रदान करने के लिए भा मा ब्यूरो प्रयोगशालाओं में बड़ी संख्या में कम्प्यूटर और सहायक वस्तुएँ स्थापित की गई हैं। भा मा ब्यूरो की सभी प्रयोगशालाओं को सुदृढ़ बनाने और आपस में जोड़ने के लिए एनआईसी को प्रयोगशाला सूचना प्रबंध पद्धति (एलआईएमएस) की संस्थापना का आदेश दिया गया है।

भा मा ब्यूरो प्रयोगशाला मान्यता योजना

फैक्टरियों और बाज़ारों से लिए गए नमूनों के परीक्षण के लिए केंद्रीय प्रयोगशाला द्वारा उत्पाद प्रमाणन योजना के प्रचालन को समर्थन देने के लिए भा मा ब्यूरो प्रयोगशाला मान्यता का प्रचालन किया जाता है। उक्त मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं को परीक्षण का कार्यभार अधिक होने या भा मा ब्यूरो की प्रयोगशालाओं में वह परीक्षण सुविधाएँ नहीं होने पर उपयोग में लाया जाता है।

इस समय प्रयोगशाला मान्यता योजना के अंतर्गत भा मा ब्यूरो ने 114 प्रयोगशालाओं को मान्यता दी है। एक नीति के रूप में उक्त प्रयोगशालाओं की सेवाएँ अधिक से अधिक लेने का निर्णय लिया गया है जो एनएबीएल प्रत्यायित है।

सतर्कता गतिविधियाँ

भा मा ब्यूरो में सतर्कता गतिविधियों का कार्यक्षेत्र और प्रकृति

भा मा ब्यूरो के सतर्कता विभाग का अध्यक्ष मुख्य सतर्कता अधिकारी है और उसकी सहायता के लिए तीन सतर्कता अधिकारी तथा चार क्षेत्रीय सतर्कता अधिकारी मध्य, उत्तरी, पश्चिमी और दक्षिणी क्षेत्रों में तैनात है और उन्हें सतर्कता गतिविधियों का कार्य सौंपा गया है। यह विभाग अन्य अभिकरणों यथा 'केन्द्रीय सतर्कता आयोग', (सी वी सी) 'उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय' और 'कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग' के निकट सहयोग से काम करता है। सतर्कता विभाग की गतिविधियाँ वार्षिक कार्य योजना के अनुसार चलाई जाती है। इस विभाग के मूल कार्य सतर्कता के निवारक, संसूचक और दंडात्मक पहलुओं के गिर्द घूमते है। सतर्कता विभाग द्वारा किए जाने वाले कार्य निम्नलिखित हैं:

क) ब्यूरो के कर्मचारी जब और जैसे ही वार्षिक संपत्ति विवरणियों और चल तथा अचल संपत्तियों में अंतिम लेन-देन दाखिल करें उसकी संवीक्षा/जाँच करना।

ख) पदोन्नति पर विचार करने और बाहर के पदों के लिए भा मा ब्यूरो के कर्मचारियों के आवेदन भेजने के लिए सतर्कता की अनुमति देना, जैसा विभाग/कर्मचारी द्वारा अनुरोध किया जाए।

- UV-Visible Spectrophotometer for Central Laboratory and Eastern Regional Laboratory at Kolkata, for testing of elements in packaged drinking water, steel, brass and food colours.
- Life testing equipment for testing of water meter at Northern Regional Laboratory, Mohali.

Networking of BIS Laboratories

A number of computers and accessories have been installed at BIS laboratories to provide efficient services. To strengthen and inter connect all the BIS laboratories, NIC has been requested to develop and install Laboratory Information Management Systems (LIMS).

BIS Laboratory Recognition Scheme

BIS laboratory recognition scheme is operated by Central Laboratory to support the operation of product certification scheme for testing of samples drawn from factories and markets. Such recognized laboratories are utilized in the event of higher testing loads or wherever a test facility does not exist in BIS laboratories.

As on date, BIS has recognized 114 laboratories under its lab recognition scheme. As a policy, it has been decided to avail, as far as possible, the services of such laboratories which are NABL accredited.

VIGILANCE ACTIVITIES

Scope and Nature of Vigilance Activities in BIS

Vigilance Department of BIS is headed by Chief Vigilance Officer and assisted by three Vigilance Officers as well as four Regional Vigilance Officers posted at Central Region, Northern Region, Western Region and Southern Region and is entrusted for carrying out vigilance activities. This department functions in close coordination with other agencies such as the Central Vigilance Commission (CVC); the Ministry of Consumer Affairs, Food & Public Distribution; and the Department of Personnel and Training. The activities of Vigilance Department are organized in accordance with an Annual Action Plan. The key functions of this Department revolve around the preventive, the detective, and the punitive aspects of vigilance. The work undertaken by Vigilance Department is as follows:

a) Scrutinize/examine the Annual Property Returns and final transactions in movable and immovable properties, as and when filed by the employees of the Bureau.

b) Grant vigilance clearances for considering promotions, passport, foreign assignments and forwarding applications of BIS employees for outside posts as requested by department/ employee.

ग) केन्द्रीय सतर्कता आयोग/मंत्रालय के माध्यम से या तो प्रत्यक्ष रूप से सतर्कता विभाग में प्राप्त सूचना और शिकायतों की जाँच करना और गहराई से जाँच-पड़ताल करना। जाँच-पड़ताल के आधार पर मिले परिणाम से यदि आवश्यकता हो तो केन्द्रीय सतर्कता आयोग की सलाह के आधार पर दोषी अधिकारी (अधिकारियों) के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई आरम्भ करना।

घ) भा मा ब्यूरो के कर्मचारियों को आचार नियमावली, सीसीएस (सीसीए) नियमावली और लागू होने वाले अन्य विभिन्न संबंधित नियमों/विनियमों तथा मेनुअलों के विभिन्न प्रावधानों के बारे में अवगत करना; और सतर्कता विभाग द्वारा आयोजित सतर्कता कार्यशालाओं तथा संबंधित विषयों पर कार्यक्रमों के माध्यम से भा मा ब्यूरो के कर्मचारियों में सतर्कता कार्य के महत्व के बारे में अधिक जागरूकता पैदा करना।

ड़) ब्यूरो और क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों में निवारणात्मक सतर्कता के भाग के रूप में विभिन्न गतिविधियों की सतर्कता परीक्षण आयोजित करना और कमियों को दूर करने के लिए व्यवस्थित सुधारों का सुझाव देना।

च) भ्रष्टाचार की घटनाओं के बारे में प्रत्यक्ष फीडबैक लेने के लिए भा मा ब्यूरो के लाइसेंसधारियों, उपभोक्ता संगठनों और उद्योग संघों के साथ बैठकें आयोजित करना और चरणबद्ध तरीके से सुधार तथा अधिक पारदर्शिता आरंभ करने के लिए सुझाव देना।

वर्ष 2005-2006 के दौरान, सतर्कता विभाग ने दिल्ली, मुम्बई, हैदराबाद, कोयम्बतूर में मुहरांकन विभाग की शाखाओं तथा पश्चिमी क्षेत्र की प्रयोगशाला की सतर्कता लेखापरीक्षा की। इन लेखापरीक्षाओं के दौरान, विभिन्न पद्धतियों तथा पद्धतियों में अनेक त्रुटिपूर्ण क्षेत्रों की पहचान की गई तथा भारतीय मानक ब्यूरो में संबंधित गतिविधि प्रमुखों को सुधार के सुझाव दिए गए। परिणामस्वरूप, प्रचालन संहिता अथवा उत्पाद प्रमाणन-2004 में आशोधन किए गए। इसके अतिरिक्त, विभिन्न पदाधिकारियों के विरुद्ध प्रक्रियाविधियों के अननुपालन/अनियमितताओं के मामलों के संबंध में सतर्कता जाँच पड़ताल की गई। इन लेखापरीक्षाओं के दौरान लाइसेंसधारकों के अकस्मात् निरीक्षण भी किए गए तथा इन निरीक्षणों के परिणामस्वरूप लाइसेंसों को मुहरांकन रोक के अंतर्गत डाला गया। मुहरांकन रोक के दौरान लाइसेंसधारकों द्वारा दुरुपयोग के कुछ मामले भी जानकारी में आए जिसके परिणामस्वरूप शाखा कार्यालय द्वारा निरसन कार्यवाही आरम्भ की गई। इसके अतिरिक्त, पैकेज बंद पेय जल संबंधी मानक पर अभ्युक्तियाँ प्रस्तुत की गईं, जिन पर संबंधित तकनीकी समिति द्वारा विचार किया गया।

भारतीय मानक ब्यूरो में कथित भ्रष्टाचार की समस्या का अध्ययन करने तथा उपचारी उपाय सुझाव एवं ईसी के समक्ष प्रस्तुतीकरण हेतु की गई कारवाई रिपोर्ट तैयार करने के लिए ब्यूरो की कार्यकारिणी समिति (ईसी) द्वारा संघटित उप-समूह द्वारा की गई सिफारिश के संबंध में कार्यान्वयन हेतु संबंधित गतिविधि प्रमुखों के साथ अनुवर्तक किया गया।

भारतीय मानक ब्यूरो में 7 से 11 नवम्बर 2005 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया जिसके दौरान भारतीय मानक ब्यूरो के कर्मचारियों को सुग्राही बनाने तथा साथ ही भारतीय मानक ब्यूरो को एक आदर्श भ्रष्टाचार

c) Examine source information and complaints received in Vigilance Department either received directly from the complainant or through CVC/Ministry and conduct thorough investigations. On the basis of the outcome of the investigation, in case, it is called for, initiate disciplinary proceedings against the delinquent official(s) on the basis of the advice of CVC.

d) In order to apprise BIS employees about various provisions of the Conduct Rules, CCS (CCA) Rules and various other related Rules/Regulations and Manuals in operation; and create greater awareness about the importance of vigilance activity among the BIS employees, conduct vigilance workshops and programmes on related subjects.

e) Conduct vigilance audits of various work activities of the Bureau and Branch/Regional Offices as part of prevalent preventive vigilance and suggest systemic improvements to plug loop holes.

f) Organize meetings with BIS licensees, consumer organizations and Manufacturers Associations for receiving direct feedback relating to instances of corruption, if any, and elicit suggestions for introducing systematic improvements and greater transparency.

During the year 2005-2006, the Vigilance Department conducted vigilance audits of Branches of Marks Department at Delhi, Mumbai, Hyderabad, Coimbatore and Laboratory of Western Region. During these audits, a number of grey areas in various systems and practices were identified and suggestions for improvement were given to the concerned Activity Heads in BIS. As a result, modifications were made in the Operating Manual for Product Certification–2004. Besides, vigilance investigations were undertaken on instances of irregularities/non-compliance of procedures against various officials. Number of surprise inspections of the licensees were also carried out during these audits and as a result of these inspections licences were put under stop marking. Some cases of misuse by the licensees during stop marking were also noticed, as a result of which cancellation proceeding were initiated by the Branch Offices. Further, the comments on Indian Standard on Packaged Drinking Water were given which were Considered by the concerned Technical Committee.

Follow-up was done with the concerned Activity Heads for implementation on the recommendation made by the Sub-group constituted by the Executive Committee (EC) of the Bureau to study the problem of alleged corruption in BIS and suggest remedial measures and preparation of the Action Taken Report for presentation before the EC.

Vigilance Awareness Week was observed in BIS from 7th to 11th November 2005 during which various programmes throughout the country by all Regional/Branch Offices of

मुक्त संगठन बनाने के लिए उनमें जागरूकता वर्धन करने के लिए ब्यूरो के सभी क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों द्वारा देश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस सप्ताह के दौरान "भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम" संबंधी वार्ता का आयोजन 9 नवम्बर 2005 को भारतीय मानक ब्यूरो के मुख्यालय में किया गया। "भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम" संबंधी वार्ता श्री शत्रुजीत सिंह कपूर, आईपीएस, निदेशक, सीबीआई अकादमी, गाजियाबाद द्वारा प्रस्तुत की गई। "सतर्कता पारदर्शिता एवं वृद्धि की अग्रगामी है" संबंधी संगोष्ठी का आयोजन भी 10 नवम्बर, 2005 को किया गया जिसका उद्घाटन श्री भूरे लाल, सदस्य, संघ लोक सेवा आयोग (भूतपूर्व सचिव, सीवीसी) द्वारा किया गया। सीबीआई (केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो) तथा सीवीसी से लब्धप्रतिष्ठ वक्ताओं ने इस विषय पर अपने विचार अभिव्यक्त किए। इस अवसर पर, विभिन्न विषयों पर निबंध प्रतियोगिताओं, वाद विवाद, व्याख्यानों इत्यादि का आयोजन भी किया गया तथा ब्यूरो के विभिन्न क्षेत्रीय, शाखा कार्यालयों तथा मुख्यालय में इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार दिए गए।

the Bureau were organized for sensitizing the BIS employees and also to increase awareness amongst them for making BIS a model corruption-free organization. During this week, the talk on "Prevention of Corruption Act" was organized on 9th November 2005 at the BIS Headquarters. The talk on "Prevention of Corruption Act" was delivered by Shri Shatrujoot Singh Kapur, IPS, Director, CBI Academy, Ghaziabad. The Seminar on "Vigilance Leads to Transparency and Growth" was also organized on 10th November 2005 which was inaugurated by Shri Bhure Lal, Member, UPSC (Former Secretary, CVC). Eminent speakers from CBI & CVC expressed their views on the subject. On this occasion, essay competitions, debates, lecture etc. on various topics was also organized and prizes were distributed to winners of these competitions at various Regional, Branch Offices and Headquarters of the Bureau.

उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय में 11 नवम्बर 2005 को एक कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। इस कार्यशाला में, चंडीगढ़ में प्रमाणन गतिविधि के अधिकारियों के समक्ष मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा एक प्रस्तुतीकरण किया गया ताकि उन्हें भ्रष्टाचार के कुप्रभावों के प्रति सचेत किया जा सके तथा विभिन्न सतर्कता लेखापरीक्षाओं के दौरान अवलोकित अनियमितताओं के मामलों के संबंध में अवगत कराया जा सके।

A workshop was also organized on 11th November 2005 at Northern Regional Office. In this workshop, a presentation to officers of certification activity at Chandigarh was made by the Chief Vigilance Officer to sensiitize them against the pitfalls of corruption and make them aware about the instances of irregularities observed during various vigilance audits.

शिकायतों के संबंध में फीडबैक, यदि कोई भारतीय मानक ब्यूरो लाइसेंसधारक संबंधों को सुधारने के लिए सुझाव/फीडबैक प्राप्त करने के लिए; तथा भारतीय मानक ब्यूरो की पद्धतियों को अधिक वस्तुनिष्ठ एवं पारदर्शी बनाने के लिए नवम्बर 2005 तथा मार्च 2006 में उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़, कोयम्बटूर शाखा कार्यालय; कोयम्बटूर तथा पश्चिमी क्षेत्रीय कार्यालय, मुम्बई में भारतीय मानक ब्यूरो के लाइसेंसधारकों तथा उपभोक्ता संगठनों के साथ बैठकों का आयोजन किया गया।

Meeting with BIS licensees and consumer organizations at Northern Regional Office, Chandigarh; Coimbatore Branch Office, Coimbatore; and Western Regional Office, Mumbai were organized in November 2005 and March 2006 to elicit direct feedback regarding grievances, if any; suggestions/ feedback to Improve the BIS-licensee relations and to make the BIS systems more objective and transparent.

तकनीकी सूचना सेवाएँ

डब्ल्यूटीओ/टीबीटी पूछताछ केन्द्र

भारतीय मानक ब्यूरो ने वाणिज्य मंत्रालय द्वारा यथा नाम निर्दिष्ट डब्ल्यूटीओ/टीबीटी पूछताछ केन्द्र के रूप में अपनी गतिविधियों का सुदृढ़ीकरण किया। डब्ल्यूटीओ/टीबीटी करार के अंतर्गत राष्ट्रीय हित के विभिन्न मुद्दों पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के साथ सन्निकट अंत:क्रिया का अनुरक्षण किया गया। भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा पूछ-ताछ केन्द्र की सेवाएँ प्रदान करने की गतिविधि की आउटसोर्सिंग की गयी। विभिन्न देशों द्वारा जारी अधिसूचनाओं के संबंध में सूचना का डाउनलोड किया गया, उनका पूर्विकता निर्धारण किया गया तथा देश के भीतर अनेक पणधारकों में उनका प्रसार किया गया। पणधारक को उनकी अभ्युक्तियों के लिए अनुस्मारक भेजने की पद्धति भी स्थापित की गई। पणधारकों से प्राप्त अभ्युक्तियों का विश्लेषण किया गया तथा वाणिज्य मंत्रालय को भेजा गया। विभिन्न देशों द्वारा जारी अधिसूचनाओं को भी पणधारकों की सहायतार्थ भारतीय मानक ब्यूरो की वेबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है।

भारत के साथ साथ विदेशों में संबंधित पक्षों से राष्ट्रीय तथा अन्य देशों, दोनों की मानक एवं समनुरूपता निर्धारण पद्धतियों से संबंधित सभी युक्तिसंगत पूछताछ का उत्तर दिया गया।

उद्योग तथा विनियामकों सहित विभिन्न पणधारकों को सुग्राही बनाने के उद्देश्य से "डब्ल्यूटीओ, टीबीटी करार, भारतीय पणधारकों की भूमिका तथा डब्ल्यूटीओ, टीबीटी पूछताछ केन्द्र से आशाएँ" विषय पर अनेक संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। संगोष्ठियों का संचालन नई दिल्ली, चंडीगढ़, कोलकता, चेन्नई एवं मुम्बई में किया गया। डब्ल्यूटीओ की संरचना एवं कार्यकरण, टीबीटी करार, अधिसूचनाओं तथा वैश्विक व्यापार पर उनका महत्व एवं भारतीय उद्योग की भूमिका तथा गतिविधि पूछताछ केन्द्र के रूप में भारतीय मानक ब्यूरो संबंधी सूचना प्रतिभागियों को इन संगोष्ठियों के दौरान उपलब्ध कराई गई।



तकनीकी सूचना सेवा केन्द्र

तकनीकी सूचना सेवाएँ उद्योग, आयातकों, निर्यातकों, व्यक्तियों तथा सरकारी अभिकरणों को जिज्ञासाओं के उत्तर में उपलब्ध कराई जाती हैं। इस प्रयास में वर्ष 2005-2006 के दौरान 1200 से अधिक जिज्ञासाओं का उत्तर दिया गया था।

वित्तीय संस्थाओं/बैंकों को पहचान संख्याओं का प्रायोजन

निम्नलिखित सेवाएँ प्रदान की गई थीं :

TECHNICAL INFORMATION SERVICES

WTO/TBT Enquiry Point

BIS strengthened its activities as the WTO / TBT Enquiry Point, as designated by the Ministry of Commerce. Close interaction with Ministry of Commerce and Industry on various issues of national interest under WTO/TBT Agreement was maintained. The activity of providing services of the Enquiry Point was outsourced by BIS. The information with regard to the Notifications issued by various countries were downloaded, prioritized, segregated and disseminated to a large number of stakeholders within the country. A system of sending reminders to the stake holder for their comments was also established. The comments received from the stake holders were analyzed and sent to Ministry of Commerce. The notifications issued by various countries are also being uploaded on the BIS website to assist the stake holders.

All reasonable queries pertaining to Standards and Conformity Assessment Systems, both national and of other countries, from concerned interests in India as well as overseas were replied.

In order to sensitize the various stake holders including the industry and the regulators number of seminars were organized on the Topic "WTO TBT Agreement, Role of Indian Stake holders and Expectations from WTO TBT Enquiry Point". The seminars were conducted at New Delhi, Chandigarh, Kolkatta, Chennai and Mumbai. Information with regard to the structure and functioning of WTO, TBT agreement, the Notifications and their significance on Global Trade and the Role of Indian Industry and BIS as Activity Enquiry Point was provided to the participants during these seminars.

Technical Information Service Centre

BIS provided Technical Information Services to Industry, importers, exporters, individuals and government agencies in response to their enquiries. In this endeavour, more than 1200 enquiries were responded during the year 2005-2006.

Sponsorship of Identification Numbers to Financial Institutions/Banks

The following services were provided:

जारीकर्ता पहचान संख्या (आईआईएन)

आईएसओ/आईईसी 7812-1 का यह भाग अंतर्राष्ट्रीय विनियम में प्रयुक्त पहचान कार्डों के जारीकर्ताओं की पहचान के लिए एक संख्यांकन पद्धति विनिर्दिष्ट करता है। यह संख्या प्रमुख उद्योग तथा कार्ड जारीकर्ता की पहचान करती है और पहचान संख्या का पहला भाग होती है। बैंकों/वित्तीय संस्थाओं के आवेदनों का समर्थन अमेरिकन बैंकर्स एसोसिएशन (एबीए) को कर के भा मा ब्यूरो आईएसओ 7812 - 1 (ई) के अनुसार आईआईएन जारी करने में मदद करता है। वर्ष के दौरान दो आईआईएन संख्याएँ जारी की गई हैं।

संस्था पहचान कोड (आईआईसी)

आईआईसी एक अनन्य संख्या है जो आईएसओ 8583 के अनुसार आईएसओ के प्राधिकार के अंतर्गत अमेरिकन बैंकर्स एसोसिएशन (एबीए) द्वारा बनाए गए वित्तीय लेन-देन कार्ड संदेशों में भाग लेने वाले वित्तीय संस्थानों को सौंपा जाता है। यह अंतर्राष्ट्रीय मानक एक सांझा अंत:पृष्ठ विनिर्दिष्ट करता है जिसके द्वारा वित्तीय लेन-देन-कार्ड से प्रोद्भूत संदेशों का कार्ड के प्राप्तकर्ताओं और जारीकर्ताओं के बीच आदान-प्रदान हो सके। इसमें संदेश संरचना, फार्मेट और विषयवस्तु, आंकड़े और आंकड़ों के मूल्य विनिर्दिष्ट किए जाते हैं।

पंजीकृत आवेदन प्रावधानकर्ता पहचानकर्ता (आरआईडी)

आरआईडी एक हार्डवेयर इन्डेक्स कोड है जिसका प्रयोग पहचान कार्डो-संपर्कों वाले समेकित परिपथ कार्डों - में किया जाता है। इसमें आवेदन, फाइल की ओर पथ तथा अन्य संबंधित आंकड़े होते है, जिसकी तुलना स्वविवेकी आंकड़े और आवेदन टेम्पलेट के निष्पादन की तुलना के लिए की जाती है और यह आईएसओ के प्राधिकार के अंतर्गत पंजीयन प्राधिकरण, कोपेनहैगन, डेन्मार्क द्वारा आईएसओ/आईईसी 7816-5 के अनुसार आवंटित किया जाता है।

विश्व विनिर्माण पहचानकर्ता जारी करना (डब्ल्यूएमआई)

सोसाइटी ऑफ ऑटोमोटिव इंजीनियर्स (एसएई), यूएसए के साथ समन्वय में भा मा ब्यूरो भारत में आटोमोबाइल विनिर्माताओं और निर्यातकों को आईएसओ 3780 : 1983 सड़क के वाहन- विश्वविनिर्माता पहचानकर्ता (कोड) जारी करने का उत्तरदायित्व पूरा करता है। वर्ष के दौरान डब्ल्यूएमआई कोड आबंटन के लिए तीन आवेदनों पर कार्यवाही की गई।

डीजीएफ़टी अधिसूचना सं. 44 (आरई-2000) पर तकनीकी स्पष्टीकरण

डीजीएफटी ने अधिसूचना सं. 44 (आरई-2000)/1997-2002, दिनांक 24 नवम्बर 2000 जारी करके 133 उत्पादों के भारतीय बाज़ार में प्रवेश करने से पहले भा मा ब्यूरो प्रमाणन अनिवार्य कर दिया। इसके बाद नीति परिपत्र सं. 4 (आर ई-2001)/1997-2002, दिनांक 19 जून 2001 में कहा कि कोई उत्पाद अधिसूचना 44 की परिधि में आता है या नहीं, इस बारे में स्पष्टीकरण, अब तक भा मा ब्यूरो मानकों पर लागू, भा मा ब्यूरो द्वारा ही जारी किया जाएगा, और भा मा ब्यूरो द्वारा जारी किया गया एक स्पष्टीकरण सभी संबंधितों पर बाध्यकारी होगा। इस अधिसूचना के संशोधन को जारी करने के बाद वर्तमान में 109 उत्पाद इस अधिसूचना के अधिकार क्षेत्र में आ जाते है। भा मा ब्यूरो ने वर्ष के दौरान विभिन्न उत्पादों के 32 ऐसे मामलों पर स्पष्टीकरण जारी किया।

Issuer Identification Number (IIN)

ISO/IEC 7812-1 Identification Cards- Identification of issuers Part 1: Numbering System Specifies a Numbering System for the Identification of Issuers of the Identification Cards Used in International and/ or Inter-industry Interchange. This is a number that identifies the major industry and the card issuer and that forms the first part of the primary account number. BIS facilitates the issue of IIN as per ISO 7812-1 by sponsoring applications of Banks/Financial Organizations to the American Bankers Association (ABA). Two Issuer Identification numbers have been issued during the year.

Institution Identification Codes (IIC)

IIC is a unique number assigned to financial institutions participating in financial transaction card originated messages by American Bankers' Association (ABA) under the authorization of ISO in accordance with ISO 8583. This International Standard specifies a common interface by which financial transaction card originated messages may be interchanged between acquirers and card issuers. It specifies message structure, format and content, data elements and values for data elements.

Registered Application Provider Identifier (RID)

RID is a hardware index code used in identification cards– integrated circuit cards with contacts. It is allotted in accordance with ISO/IEC 7816-5 Identification Cards– Integrated Circuit Cards–Part 5 : Numbering System and Registration Procedure for Application Identifiers, by the Registration Authority, Copenhagen, Denmark under the authorization of ISO.

World Manufacturer Identifier (WMI)

In coordination with the Society of Automotive Engineers (SAE), USA, BIS fulfils the responsibility of issuing the WMI Codes as per ISO 3780 : 1983 Road Vehicles–World Manufacturer Identifier (Code), to the automobile manufacturers and exporters in India. Eight applications were processed for the allotment of WMI Code during the year.

Technical Clarifications on DGFT Notification No. 44 (RE-2000)

DGFT's Notification No. 44 (RE-2000)/1997-2002 dated 24 November 2000 made BIS certification mandatory for 133 products before they could enter into Indian market. Subsequently, a policy circular No. 4 (RE-2001)/1997-2002 dated 19 June 2001 was issued stating that clarification, whether a product is covered within the ambit of Notification 44 or not, so far applicable to BIS standards, would only be issued by BIS, and such a clarification issued by BIS shall be binding on all concerned. After issuance of amendments to these Notifications, at present, 109 products fall within the ambit of this Notification. BIS issued 32 clarifications during the year on different products.

पुस्तकालय सेवाएँ

वर्ष 2005-06 के दौरान पुस्तकालय सेवा केंद्र (एलएससी) ने मुख्यालय में और मुंबई, कोलकता, चंडीगढ़ तथा चेन्नई के अपने चार क्षेत्रीय कार्यालयों में भी अपने संग्रह में 2 500 पुस्तकों, विदेशी मानक निकायों द्वारा जारी मानक टाइप प्रलेखों और विभिन्न जानकार संस्थाओं तथा मानकीकरण के काम में लगी विदेशी संस्थाओं द्वारा जारी प्रकाशनों व मानकों की भी वृद्धि की है।

कंप्यूटर केंद्र द्वारा रखे गए "मानक संदर्भिका" नामक विश्व मानकों के यांत्रिक डाटाबेस को अद्यतन करने के लिए पुस्तकालय आधारभूत जानकारी देता रहा। यहाँ प्राप्त सभी मानकों को डाटाबेस में डालने के लिए संहिताबद्ध कर दिया गया है जिसमें अब 344 200 से अधिक रिकार्ड है।

अपनी वर्तमान जागरूकता सेवाओं के अंग के रूप में सूचना सेवा केन्द्र पुस्तकालय में प्राप्त सभी पुस्तकों की सूची मासिक आधार पर "पुस्तकालय में वृद्धि-पुस्तकें तथा पेम्लेट" नाम से प्रकाशित करता है। यह बुलेटिन आंतरिक प्रयोक्ताओं तथा पुस्तकालय के सदस्यों को वितरण के लिए है और सार्वत्रिक दशमलव वर्गीकरण (यूडीसी) से चुने गए विषयों के 120 व्यापक विषय स्थूल समूहों के अंतर्गत वर्गीकृत रूप में जानकारी प्रस्तुत करता है।

पुस्तकालय के विभिन्न कोटियों के वर्तमान सदस्यों में 1 400 व्यक्ति और संस्थाएं शामिल हैं। इनमें से 200 सदस्य इसी वर्ष शामिल हुए हैं। व्यापार तथा उद्योग के प्रतिनिधियों ने और ब्यूरो के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने लगभग 19 000 प्रकाशनों से जानकारी प्राप्त की या जारी करवाया।

4 124 आगंतुकों के लिए-विभिन्न विषयों की 9 व्यापक ग्रंथ-सूचियाँ बनाकर और उन्हें अपनी पसंद की संदर्भ सामग्री उपलब्ध करा के संदर्भ सेवाओं की व्यवस्था की गई । संदर्भ इकाई ने ग्रंथ-सूचियाँ उपलब्ध करा के मानक निर्धारण विभागों को पूर्ण सहयोग दिया। उसने दूर और पास से आई 1 998 जिज्ञासाओं का उत्तर देकर भारतीय व्यापार तथा उद्योग की सहायता की। पुस्तकालय सूचना सेवा केन्द्र ने आईएसओ द्वारा प्रस्तुत "मानकों के लिए अंतरराष्ट्रीय वर्गीकरण" (आईसीएस) के अनुसार भारतीय मानकों के मसौदे को संहिताबद्ध करने के लिए भी अपनी सेवाएँ दीं। वर्ष के दौरान 169 मसौदों को संहिताबद्ध किया गया।

अधिकारियों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में नवीनतम जानकारी से अवगत कराने के लिए इस समय पुस्तकालय में 200 (लगभग) पत्रिकाएं आती हैं। पुस्तकालय के सदस्य भी उनका उपयोग करते हैं।

पुस्तकालय सूचना सेवा केन्द्र ने क्षेत्रीय तथा शाखा कार्यालयों के पुस्तकालयों को पत्रिकाएँ और अन्य तकनीकी पुस्तकें उपलब्ध कराईं।

Library Services

During the year 2005-2006, Library Services Centre (LSC), at the Headquarters and also at its four Regional Offices at Mumbai, Kolkata, Chandigarh and Chennai added to its collection 2 500 books, standards type documents issued by overseas standard bodies as well as publications and standards issued by various learned societies and foreign Associations engaged in the work of standardization.

The Library continued to supply basic information for the updation of mechanized database of World Standards called "Manak Sandarbhika" maintained by Information Technology Services Department. All the standards received here were codified as input for the database which now comprises above 344 200 records.

As part of its current awareness services, LSC publishes a monthly list of all the books received in the library, under the title "Addition to the Library-Books and Pamphlets". This bulletin is for circulation to in-house users and library members and presents information in classified form under 120 broad subjects groups selected from Universal Decimal Classification (UDC).

About 1 400 individuals and organizations are current members of the library in various categories. Out of this 200 new members have joined during this year. Abou 19 000 publications/standards were consulted or issued to the representatives of trade and industry as well as officers and staff of the Bureau.

Reference services were provided to 4 124 visitors by way of preparing 9 exhaustive subject bibliographies and making available, the reference materials of their choice. The reference unit fully supported the standards formulating departments by providing the bibliographies. It assisted the Indian Trade and Industry by answering 1 998 long and short range queries as received from them. LSC also provided its service for codifying draft Indian Standards as per "International Classification for Standards" (ICS) as propounded by ISO. During the year 169 drafts were codified.

At present library received 200 (approx) periodicals to keep abreast of the latest developments in science and technology by officers BIS. Members of the library are also using them.

LSC supplied journals and other technical books to the Regional Offices libraries also.

प्रशिक्षण सेवाएँ

प्रशिक्षण संस्थान

उद्योग, सरकार तथा सेवा क्षेत्र की प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो ने वर्ष 1995 में 'मानकीकरण के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थान' (एनआईटीएस) की स्थापना की थी। संस्थान नोएडा स्थित अपने नए परिसर में मई 2003 से क्रियाशील है।

उद्योग के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

वर्ष के दौरान, एनआईटीएस ने 36 इन-हाउस कार्यक्रमों, 36 मुक्त कार्यक्रमों का आयोजन किया जिनमें उद्योग के लिए 10 अग्रणी लेखापरीक्षक पाठ्यक्रम शामिल हैं।

प्रबंध पद्धतियों संबंधी अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

उक्त विषय पर चार सप्ताह की अवधि का द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सितम्बर 2005 में किया गया जिसमें विदेश मंत्रालय, भारत सरकार से वित्तीय सहायता के साथ 6 विकासशील देशों से 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

मानकीकरण तथा गुणता आश्वासन संबंधी अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

उक्त विषय पर 8 सप्ताह की अवधि का 38वां अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन अक्तूबर-दिसम्बर 2005 में किया गया जिसमें 16 देशों से 27 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

आईएसओ वैश्विक निर्देशिका तथा अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण में वर्धित सहभागिता

एनआईटीएस ने पहली बार अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) आईएसओ वैश्विक निर्देशिका तथा अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण में आईएसओ वर्धित सहभागिता की ओर से दो प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन दिसम्बर 2005 के दौरान किया।

भारतीय मानक ब्यूरो के कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

वर्ष के दौरान 28 कार्यक्रमों का आयोजन अनन्य रूप से भारतीय मानक ब्यूरो के पदाधिकारियों के लिए किया गया जिसमें नए सहायक निदेशकों, प्रयोगशाला प्रबंध तथा आंतरिक लेखापरीक्षा, मापन अनिश्चितता इत्यादि के लिए 4 सप्ताह का सन्निवेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल था। भा मा ब्यूरो के 600 से अधिक कर्मचारियों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

विकसित किए गए नए कार्यक्रम

निम्नलिखित नए विषयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विकास/आयोजन भारतीय मानक ब्यूरो के पदाधिकारियों के लिए पहली बार किया गया:



TRAINING SERVICES

TRAINING INSTITUTE

Bureau of Indian Standards has set up National Institute of Training for Standardization (NITS) in the year 1995 to meet the training needs of industry, Government and Service sector. The institute now operates from its new campus at NOIDA since May 2003.

Training Programmes for Industry

During the year, NITS organized 36 In-house programmes 36 Open Programmes including 10 Lead Auditors Courses for the industry.

International Training Programme on Management Systems

Second International Training Programme of four weeks duration on the above subject was organized in September 2005 which was attended by 10 participants from 6 developing countries with the financial support from Ministry of External Affairs, Government of India.

International Training Programme on Standardization and Quality Assurance

The 38th International Training Programme of 8-weeks duration on the above subject was organized during October - December 2005, which was attended by 27 participants from 16 countries.

ISO Global Directory and Enhanced Participation in International Standardization

For the first time NITS has organized two training programmes on behalf of International Organization for Standardization (ISO), on ISO Global Directory and ISO Enhanced Participation in International Standardization during December 2005.

Training Programmes for BIS Employees

During the year 28 programmes were exclusively organized for BIS officials, which included 4 weeks Induction Training Programme for new Assistant Directors, Laboratory Management and Internal Audit, Measurement Uncertainty etc. More than 600 BIS employees have been provided the training on different subjects.

New Programmes Developed

Training programmes on following new subjects were developed /organized for the first time for BIS officials:

क) प्रौद्योगिकी प्रक्रिया - विद्युत केबल
ख) अंतर -प्रयोगशाला तुलना तथा ज़ेड-स्कोर का मूल्यांकन
ग) क्रय, बेकार एवं निपटान
घ) आईएसओ अनुरूपता निर्धारण मानक
ङ) सूचना सुरक्षा प्रबंध पद्धतियों संबंधी जागरूकता कार्यक्रम
च) आईएस 15700 : 2005 के अनुसार लोक सेवा संगठन द्वारा सेवा गुणता हेतु अपेक्षाएँ।
छ) रसायन परीक्षण में मापन अनिश्चितता
झ) ग्राहक संतुष्टि का मापन
ञ) सिक्स सिगमा पर जागरूकता कार्यक्रम
ट) 5 एस पर परीक्षण कार्यक्रम

a) Technological Process—Electrical Cables
b) Inter Laboratory Comparisons and Evaluation of Z- Scores
c) Purchase, Condemnation and Disposal
d) ISO Conformity Assessment Standards
e) Awareness Programme on Information Security Management Systems
f) Requirements for Service Quality by Public Service Organization as per IS 15700 : 2005
g) Measurement Uncertainty in Chemical Testing
h) Measurement of Customer Satisfaction
i) Awareness Programme on Six Sigma
j) Training Programme on 5 S

राजस्व

वर्ष के दौरान प्रशिक्षण संस्थान ने प्रशिक्षण शुल्क, हॉस्टल व्यय, परिसर आदि किराए पर लेने से 10.293 मिलियन रु. का राजस्व अर्जित किया। इसके साथ, प्रशिक्षण संस्थान ने वर्ष के दौरान 7.319 लाख रु. (सैद्धान्तिक) मूल्य का प्रशिक्षण प्रदान किया।

Revenue

During the year the Training Institute earned a revenue of Rs 10.293 million from training fees, hostel expenses, hiring of premises etc. In addition, the Training Institute imparted training worth Rs 7.319 million (notional) to BIS employees during the year.

उपभोक्ता संबंधित गतिविधियाँ

उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम

भा मा ब्यूरो अपने क्षेत्रीय तथा शाखा कार्यालयों के नेटवर्क के माध्यम से उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करके और उपभोक्ता संगठनों द्वारा आयोजित संगोष्ठियों/कार्यशालाओं/सम्मेलनों की गतिविधियों के बारे में भाग लेकर भा मा ब्यूरो की गतिविधियों के बारे में उपभोक्ता जागरूकता को बढ़ाया। इन कार्यक्रमों के दौरान, सहभागियों को विभिन्न गुणता नियंत्रण आदेशों, भा मा ब्यूरो मानक चिह्न के दुरुपयोग के लिए दंडों, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, उपभोक्ता शिकायत निवारण पद्धति आदि के बारे में जानकारी दी गई। वर्ष के दौरान ब्यूरो के मुख्यालय, क्षेत्रीय और शाखा कार्यालयों द्वारा कुल 177 उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें से कुछ विशिष्ट कार्यक्रम स्वर्ण आभूषणों की हॉलमार्किंग पर जागरूकता पैदा करने के लिए ही थे।

CONSUMER RELATED ACTIVITIES

Consumer Awareness Programme

BIS promoted consumer awareness regarding BIS activities by conducting consumer awareness programmes and by participation in seminars/ conferences organized by consumer organizations through its network of Regional and Branch Offices. During these programmes, participants were informed about various quality control orders, penalties for misuse of BIS Standard Mark, Consumer Protection Act, consumer grievance redressal mechanism etc. 177 consumer awareness programmes have been conducted during the year 2005-06 by BIS Hqrs/ROs/ BOs. Some of these programmes were exclusively for creating awareness for Hallmarking of gold jewellery.

जनता की शिकायतें

भा मा ब्यूरो प्रमाणित उत्पादों के बारे में प्राप्त शिकायतों की हर माह समीक्षा व निगरानी की जाती है ताकि शिकायतकर्ताओं का समाधान जल्दी किया जा सके। 2005-06 के दौरान 130 शिकायतें रजिस्टर की गई और कुल 66 शिकायतों को निपटाया गया।

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस

भा मा ब्यूरो द्वारा क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों के अपने नेटवर्क के माध्यम से मार्च 2006 में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ब्यूरो के मुख्यालय और क्षेत्रीय तथा शाखा कार्यालयों में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रमों, संगोष्ठियों, पैनल चर्चाओं और प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया। उन कार्यक्रमों में उपभोक्ताओं, उपभोक्ता संगठनों व शैक्षिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों और भा मा ब्यूरो के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

उपभोक्ताओं के लाभ के लिए प्रकाशित विवरणिकाएँ

भा मा ब्यूरो ने उपभोक्ता हित के विषयों पर 14 विवरणिकाएँ प्रकाशित की है। इनमें से कुछ विवरणिकाएँ 10 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है, जिन के नाम असमिया, बंगाली, उड़िया, तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, गुजराती, मराठी और पंजाबी है।

सिटीजन चार्टर

कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत मंत्रालय द्वारा अनुमोदित भा मा ब्यूरो का नागरिक चार्टर का कार्यान्वियन किया गया है। भा मा ब्यूरो की विभिन्न गतिविधियों के लिए चार्टर में विनिर्दिष्ट समय मानकों को मुख्यालय, क्षेत्रीय और शाखा कार्यालय में एक बोर्ड पर प्रदर्शित कर दिया गया है और सलाह भी दी गई कि इन्हें प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करें। चार्टर द्विभाषी रूप में भा मा ब्यूरो की वेबसाइट पर दिया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियाँ

ब्यूरो ने अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) और अंतर्राष्ट्रीय विद्युत-तकनीकी आयोग (आईईसी) के नीति-निर्धारक निकायों और तकनीकी समितियों की गतिविधियों में भाग लेकर अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण परिदृश्य में अपना प्रयास जारी रखा। अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय संबंध मज़बूत करने की दिशा में भी ब्यूरो ने अपने प्रयास जारी रखे। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण गतिविधियों का ब्यौरा नीचे दिया जा रहा है:

अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ)

वर्ष के दौरान, भा मा ब्यूरो ने आईएसओ नीति बैठकों और विकासशील देश के मामलों पर आईएसओ समिति बैठकों में सक्रिय रूप से भाग लिया। आईएसओ समितियों/उप-समितियों की भागीदारी, जहाँ भारत एक 'पी' सदस्य है, और जहां भारत के पास सचिवालय का उत्तरदायित्व है, जारी रखा गया।

पूरे विश्व की निर्देशिका आईएसओ/टीसी/एससी कार्य में वैयक्तिक हैसियत से भाग लेने वालों का बड़े पैमाने पर अनुरक्षित डाटाबेस है,

Public Grievances

Complaints regarding BIS certified products received from consumers are being reviewed and monitored every month for redressal. 130 complaints were registered and 66 complaints were redressed during the year 2005 -06.

World Consumer Rights Day

World Consumer Rights Day was celebrated by BIS through its network of ROs/BOs in March 2006. On the occasion, consumer awareness programmes, seminars and exhibitions were organized at HQs, Regional and Branch Offices of the Bureau. The programmes were attended by consumers, delegates from consumer organizations, educational institutions and Government officials.

Brochures Published for the Benefit of Consumers

BIS has published 14 brochures on the subjects of consumers' interest. Some of these brochures have been printed in 10 regional languages, namely Assamese, Bengali, Oriya, Tamil, Telugu, Malayalam, Kannada, Gujarati, Marathi and Punjabi.

Citizen Charter

BIS Citizen Charter, approved by Department of Personnel & Training (DOPT), Ministry of Administrative Reforms & Public Grievances, has been implemented. Time norms specified for various activities of BIS in the Charter have been displayed at HQs/ROs/BOs have also been advised for display of time norms specified in the Charter at prominent place. The charter has been hosted on BIS website in bilingual format.

INTERNATIONAL ACTIVITIES

The Bureau continued its activities in the field of International Standardization by way of active participation in the various activities of the International Organization for Standardization (ISO) and International Electrotechnical Commission (IEC). The Bureau also continued its activities in the field of regional and bilateral cooperation with other countries. The details of the some activities in the area of International Co-operation are highlighted below:

International Organization for Standardization (ISO)

During the year, BIS participated actively in ISO Policy meetings and the ISO Committee meetings on Developing Country matters. Participation in ISO Committees/ Subcommittees where India is a 'P'member and where India holds secretariat responsibilities was continued.

Global Directory is the large scale database of individuals participating in ISO/TC/SC work, this data was earlier maintained by TC/SC Secretariats, but by the introduction

- भा मा ब्यूरो के एक अधिकारी ने जुलाई 2005 में बैंकाक में प्रशांत महासागर प्रत्यायन सहयोग की वार्षिक बैठक में भाग लिया।
